PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

दैनिक
# भीम प्रज्ञा

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'जब समाज में सुविधा पाने के लिए लोग सच से ज्यादा 'प्रमाणपत्र' पर भरोसा करने लगें, तो समझ लेना चाहिए कि समस्या गरीबी नहीं, बल्कि सोच की

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए
हेल्पलाइन - 9983040937
Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-170 | झुंझुनू (राजस्थान) | गुरुवार, 14 मई, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

### 'गरीबी का कारोबारः जब अमीरी ने ओढ़ लिया अभाव का कंबल '

कभी कहा जाता था कि इस देश की सबसे बड़ी चुनौती गरीबी है, लेकिन अब लगता है कि असली चुनौती गरीबी नहीं, बल्कि गरीब बनने की होड़ है। हालात ऐसे हो गए हैं कि जिसे देखो वही अपने आपको 'आर्थिक रूप से कमजोर' सिद्ध करने की जुगत में लगा है। विडंबना देखिए–जिस गरीबी से लोग कभी भागते थे, आज उसी को खरीदने के लिए जेब ढीली कर रहे हैं। 5 से 15 हजार रुपये खर्च कर 'बीपीएल' बनने का यह नया ट्रेंड केवल एक प्रशासनिक गड़बड़ी नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता के गहरे पतन का आईना है। अब गरीबी कोई मजबूरी नहीं रही, बल्कि एक सुनहरा अवसर बन चुकी है–सरकारी योजनाओं का टिकट, सस्ती सुविधाओं का पासपोर्ट और बिना मेहनत के लाभ उठाने का लाइसेंस। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

यह दृश्य किसी व्यंग्य रचना का हिस्सा लगता, अगर यह हकीकत न होता। जिन लोगों के पास पक्के मकान हैं, गाड़ियां हैं, स्थायी आय के स्रोत हैं, वे भी खुद को गरीब साबित करने के लिए पूरी ऊर्जा लगा रहे हैं। मानो 'गरीब' होना आज का सबसे बड़ा सामाजिक सम्मान बन गया हो। असली गरीब, जो दिन-रात संघर्ष करता है, वह आज भी सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहा है, जबकि तथाकथित 'संपन्न गरीब' आराम से योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। यह एक ऐसी उल्टी गंगा है, जिसमें ऊपर से नीचे नहीं, बल्कि नीचे से ऊपर संसाधनों का प्रवाह हो रहा है–गरीब के हिस्से का हक अमीर की झोली में जा रहा है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि इस पूरे खेल को लोग गलत भी नहीं मानते। तर्क दिया जाता है– 'सरकार दे रही है, तो लेने में क्या बुराई है?' यही सोच इस बीमारी की जड़ है। जब नैतिकता की जगह अवसरवाद ले लेता है, तो फिर समाज केवल कानून से नहीं, बल्कि चालाकियों से चलने लगता है। अब ईमानदारी मूर्खता मानी जाती है और जुगाड़ को प्रतिभा का दर्जा मिल चुका है। यही कारण है कि आज हर व्यक्ति सिस्टम को मात देने में अपनी सफलता देखता है, भले ही इसके लिए उसे किसी जरूरतमंद का हक ही क्यों न छीनना पड़े।

इस पूरे घटनाक्रम में प्रशासन की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। बिना उचित जांच के कार्ड बन जाना, गलत पते पर लाभ मिलना और पात्रता की अनदेखी–ये सब केवल लापरवाही नहीं, बल्कि कहीं न कहीं मिलीभगत की ओर इशारा करते हैं। अगर गरीबी का निर्धारण केवल कागजों पर होगा, तो सच्चाई हमेशा हाशिए पर ही रहेगी। कागजों में गरीब बनना आसान है, लेकिन वास्तविक जीवन में अभाव झेलना उतना ही कठिन। दुर्भाग्य यह है कि सिस्टम कागजों को देखता है, इंसान को नहीं। सबसे बड़ा नुकसान उस वर्ग को हो रहा है, जिसके नाम पर यह पूरा ढांचा खड़ा किया गया था। असली गरीब आज भी वही है–संघर्षरत, उपेक्षित और हाशिए पर। उसके हिस्से की सुविधाएं कोई और ले जा रहा है, और वह केवल आंकड़ों में 'लाभार्थी' बनकर रह गया है। यह स्थिति केवल आर्थिक असमानता नहीं, बल्कि सामाजिक अन्याय का भी प्रतीक है। जब समाज में पात्र और अपात्र के बीच की रेखा मिटने लगे, तो व्यवस्था का भरोसा भी टूटने लगता है।

आज का सबसे बड़ा व्यंग्य यही है कि इस देश में 'ईमानदार गरीब' सबसे ज्यादा पीड़ित है। वह न तो जुगाड़ जानता है, न रिश्वत देने की क्षमता रखता है, और न ही गलत तरीके अपनाने की इच्छा। परिणामस्वरूप, वह हर योजना से वंचित रह जाता है। दूसरी ओर, जो व्यक्ति संसाधनों से भरपूर है, वह खुद को 'गरीब' घोषित कर लाभ ले रहा है। यह एक ऐसी विडंबना है, जहां सच्चाई हार रही है और दिखावा जीत रहा है। समस्या का समाधान केवल सख्त कानूनों में नहीं, बल्कि सोच के बदलाव में है। जब तक लोग यह नहीं समझेंगे कि वे किसी और के अधिकार का हनन कर रहे हैं, तब तक कोई भी सुधार अधूरा रहेगा। प्रशासन को पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ानी होगी, तकनीक का बेहतर उपयोग करना होगा और दोषियों पर कठोर कार्रवाई करनी होगी। लेकिन इससे भी अधिक जरूरी है कि समाज अपनी नैतिक जिम्मेदारी को पहचाने। अंत में, एक कड़वा लेकिन सटीक कटाक्ष–आज अगर कोई पूछे कि 'आपकी सबसे बड़ी उपलब्धि क्या है?' तो शायद जवाब होगा, 'हमने अमीर होते हुए भी खुद को गरीब साबित कर दिया।' यही हमारे समय का सबसे बड़ा सच है। हम गरीबी मिटाने की बात करते हैं, लेकिन असल में गरीबी को बांटने और बेचने में लगे हैं। अगर यही स्थिति रही, तो वह दिन दूर नहीं जब 'गरीबी' केवल एक कागजी पहचान बनकर रह जाएगी और असली गरीब हमेशा की तरह सिस्टम के बाहर खड़ा रहेगा।

# नीट पेपरलीक मुद्दे पर जोधपुर में कांग्रेस का प्रदर्शनः प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय मंत्री-एनटीए चेयरमैन का पुतला फूंका

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जोधपुर ।** नीट 2026 पेपर लीक मामले में जोधपुर में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बुधवार शाम को नई सड़क स्थित राजीव गांधी चौक पर केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के चेयरमैन का पुतला फूंका। कमेटी अध्यक्ष ओमकार वर्मा ने बताया- केंद्र सरकार द्वारा आयोजित नीट परीक्षा का पेपर लीक होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा- इससे लाखों बच्चों और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। बच्चे पूरी तैयारी के साथ आते हैं, लेकिन पेपर रद्द होने से उनका समय और पैसा बर्बाद होता है। इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। वर्मा ने मांग की कि पेपर लीक करने वाले दलालों की तत्काल सीबीआई जांच होनी चाहिए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त व्यवस्था बननी चाहिए। पेपर लीक मामले में पकड़े गए आरोपियों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा- गलत काम करने वाला हमेशा गलत होता है।




**शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर अड़े प्रदर्शनकारी -** पूर्व विधायक मनीषा पंवार ने कहा- नीट 2026 परीक्षा के पेपर लीक होने से स्टूडेंट्स के साथ धोखा हुआ। पंवार ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि यदि ऐसी घटनाओं पर रोक नहीं लगी, तो कांग्रेस सड़कों पर आंदोलन तेज करेगी।

### कई वरिष्ठ व युवा नेता रहे मौजूद

जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव कुश गहलोत ने बताया- युवाओं के हक की आवाज उठाने के लिए कांग्रेस हर स्तर पर संघर्ष करने को तत्पर है। कांग्रेस प्रवक्ता संजय गौड़ ने कहा- वर्तमान सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है, जिस प्रकार से नीट-2026 का पेपर आउट हुआ है, उससे लगता है कि सरकारी तंत्र पूरी तरह से फेल है। प्रदर्शन के दौरान पूर्व महापौर कुंती देवड़ा, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश जोशी, सलीम खान, लियाकत अली रंगरेज, हरेंद्रसिंह राठौड़, मयंक देवड़ा, अनिल जोशी, नरेंद्र शर्मा, अरशद चौहान, फिरोज फैम, राजेश रामदेव, अजीत राठी, इश्तियाक अली, राजू सुनील बोहरा, बृजेश पुरोहित, इलियास मोहम्मद, त्रिलोक मेहरा, भंवरलाल अटवाल, हेमसिंह गहलोत, धनपत गुर्जर, शैलजा परिहार, शबनम अब्बासी, बबलू सोलंकी आदि उपस्थित थे।


### कोचिंग और तैयारी का पैसा हो रहा बर्बाद

जेडीए के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सोलंकी ने बताया- स्टूडेंट्स और उनका परिवार पढ़ाई पर भारी भरकम खर्च करते हैं, लेकिन पेपर लीक होने से उनकी सारी मेहनत और पैसा अंधकार में चला जाता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि वह इस दिशा में गंभीर हो और ऐसी पुख्ता व्यवस्था करे, जिससे भविष्य में किसी भी परीक्षा का पेपर लीक न हो सके और बच्चों का भविष्य खराब न हो।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में डी.वी.एम. के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

डालमिया विद्या मंदिर, चिड़ावा के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 12वीं के घोषित परिणाम में विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त किए, जिससे विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय अध्यक्ष पराग डालमिया ने विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं प्राचार्य को शुभकामनाएं देते हुए इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय के प्राचार्य शक्ति सिंह ने बताया कि इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ बेहतरीन परिणाम दिए हैं।




वाणिज्य वर्ग में आरव गोयल ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि विज्ञान वर्ग में ध्रुव गजराज ने 91 प्रतिशत और कला वर्ग में अनमोल राव ने 88.80 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रधानाध्यापिका नमिता चौधरी ने विद्यार्थियों की सफलता को सराहनीय बताते हुए कहा कि छात्रों ने समर्पण और अनुशासन के साथ सफलता अर्जित की है। विद्यालय में मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का सम्मान किया गया तथा मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को बधाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कर्म श्री अवॉर्ड से सम्मानित हुए ब्रह्मप्रकाश शर्मा, 71 प्रतिभाएं सम्मानित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर।**

अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच की ओर से बुधवार को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस का समापन समारोह जयपुर स्थित रोटरी क्लब सभागार में हुआ। समारोह में 71 प्रतिभाओं को 25 देशों के राष्ट्रीय ध्वजों के सानिध्य में कर्म श्री अवॉर्ड से समानित किया गया। इसमें उत्कृष्ठ कार्य के लिए ब्रह्मप्रकाश शर्मा को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हुकम चन्द गणेशिया, प्रमुख विधिवेत्ता एवं चांसलर, रोमा इंटरनेशनल कल्चर यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली द्वारा की गई। समारोह के मुख्य अतिथि न्यायाधीश जेके रांका एवं राज्य के पूर्व मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह थे। इस मौके पर अतिथियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रमिकों के हितों एवं उनकी समस्याओं पर जानकारी दी।



# जोनायचा खुर्द के नायब सूबेदार मदनलाल का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार, विधायक ललित यादव ने दी श्रद्धांजलि

## ड्यूटी के दौरान बिगड़ी तबीयत, उपचार के दौरान हुआ निधन, गांव में शोक की लहर

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेश चन्द ।** शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के गांव जोनायचा खुर्द निवासी सेना में नायब सूबेदार स्वर्गीय मदनलाल के निधन पर बुधवार को पूरे गांव में शोक की लहर छा गई। सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में मुंडावर विधायक ललित यादव शामिल हुए और दिवंगत नायब सूबेदार को श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधायक ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया तथा कहा कि स्वर्गीय मदनलाल ने देश सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसे क्षेत्र हमेशा याद रखेगा। जानकारी के अनुसार, 43 वर्षीय नायब सूबेदार मदनलाल की ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। बुधवार सुबह उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव जोनायचा खुर्द पहुंचा, जहां पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पूर्व सैनिक, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



पूरे क्षेत्र में गमगीन माहौल रहा और सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को लेकर चिड़ावा में समीक्षा बैठक आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

पंचायत समिति सभागार चिड़ावा में बुधवार को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत विभागीय कार्यों की समीक्षा को लेकर साक्षरता प्रभारी शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला साक्षरता अधिकारी झुंझुनूं योगेन्द्र सिंह ने की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रथम चिड़ावा सुरेश कुमार पायल ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एसीबीईओ द्वितीय डॉ. कयूम अली एवं ब्लॉक साक्षरता प्रभारी सुनीता उपस्थित रहीं। बैठक में जिला साक्षरता अधिकारी योगेन्द्र सिंह ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत विभागीय कार्यों एवं योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए साक्षरता अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। वहीं अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार पायल ने साक्षरता प्रभारी शिक्षकों को विभागीय निर्देशों की समय पर पालना सुनिश्चित करने तथा सभी कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। बैठक के अंत में कार्यक्रम का समापन किया गया।



# जयपुर में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस समापन समारोह, महमदपुर के सुनील चाहर समेत 71 प्रतिभाएं 'कर्म श्री अवार्ड' से सम्मानित

### 25 देशों के राष्ट्रीय ध्वजों के सानिध्य में हुआ आयोजन, न्यायमूर्ति जे.के. रांका और पूर्व मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह रहे मुख्य अतिथि

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेश चन्द ।** अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस का समापन समारोह रविवार को जयपुर स्थित रोटरी क्लब सभागार में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में महमदपुर निवासी सुनील चाहर सहित देशभर की 71 प्रतिभाओं को 'कर्म श्री अवार्ड' से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति जे.के. रांका, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट-हाई कोर्ट रिटायर्ड जज एसोसिएशन एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह, राजस्थान सरकार थे। कार्यक्रम में सिविल लाइन्स विधायक गोपाल शर्मा भी मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य मंत्री राजेन्द्र कुमार नायक एवं राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता पी.सी. जैन ने शिरकत की।



कार्यक्रम की अध्यक्षता रोमा इंटरनेशनल कल्चर यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली के चांसलर एवं प्रमुख विधिवेत्ता हुकम चन्द गणेशिया ने की। इस अवसर पर मंच के संयोजक डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा, एडवोकेट, ईस्ट-वेस्ट लॉ फर्म, नेपाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच गत 30 वर्षों से निरंतर श्रमिक दिवस समारोह का आयोजन कर रहा है। सुनील चाहर महमदपुर को यह सम्मान पत्रकारिता, समाजसेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। सभी 71 प्रतिभाओं को 25 देशों के राष्ट्रीय ध्वजों के सानिध्य में मंच पर उपस्थित अतिथियों के कर-कमलों द्वारा 'कर्म श्री अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच की कार्य-योजनाओं एवं उद्देश्यों के समर्थन में विश्व के 25 राष्ट्रों ने अपने-अपने राष्ट्रीय ध्वज मंच को प्रदान किए हैं। इस मौके पर समाजसेवी मोहनस्वरूप पाराशर, चन्द्रशेखर शर्मा, मनीषा फौजदार, सुरेश पूंछरी, दिनेश कटारा, उमेश उपाध्याय, मोहन अवस्थी, सतीश नम्बरदार, गौरव कटारा आदि भी 'कर्म श्री अवार्ड' से सम्मानित हुए।



**कर्नाटक में अन्य और भी कई शानदार और अद्भुत जगहें मौजूद हैं। जिसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। कर्नाटक की हसीन वादियों में मौजूद अंगुबे एक ऐसी जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है।**

# कर्नाटक की यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग, आप भी जरूर करें एक्सप्लोर

दक्षिण भारत देश का खूबसूरत और प्रमुख हिस्सा माना जाता है। दक्षिण भारत में कर्नाटक एक ऐसा राज्य है, जिसको पर्यटन का मुख्य केंद्र माना जाता है। यह एक ऐसा राज्य है, जहां पर हर दिन हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक घूमने और मौज-मस्ती के लिए आते हैं। कर्नाटक में गोकर्ण, कूर्ग, बेंगलुरु, हम्पी और मैसूर जैसी फेमस जगहों पर घूमने के लिए सबसे ज्यादा संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं।

हालांकि इन जगहों की खूबसूरती पर्यटकों को बहुत आकर्षित करती है, लेकिन कर्नाटक में अन्य और भी कई शानदार और अद्भुत जगहें मौजूद हैं। जिसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। कर्नाटक की हसीन वादियों में मौजूद अंगुबे एक ऐसी जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको अंगुबे की खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें आपको जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

### अंगुबे

बता दें कि यह खूबसूरत और मनमोहक हिल स्टेशन कर्नाटक के शिमोगा जिले में पड़ता है। अंगुबे को एक बेहद खूबसूरत गांव के साथ ही यहां का शानदार और छिपा हुआ खजाना भी माना जाता है।

अगुंबे कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से करीब 345 किमी दूर स्थित है। वहीं यह उडुपी से करीब 60 किमी दूर, मंगलूरू से 100 किमी और कर्नाटक के चिकमंगलूर से करीब 112 किमी की दूरी पर मौजूद है।

### अंगुबे की खासियत

अंगुबे में ऐसी अनगिनत खासियत है, जो पर्टयकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह समुद्र तल से करीब 2 हजार से अधिक फीट की ऊंचाई पर स्थित अंगुबे को कर्नाटक का छिपा हुआ खजाना माना जाता है। वहीं यह कर्नाटक का सबसे हसीन और खूबसूरत हिल स्टेशन्स में से एक माना जाता है।

अंगुबे न सिर्फ अपनी खूबसूरती बल्कि शांत और शुद्ध वातावरण के लिए जाना जाता है। इसलिए इसको प्रकृति प्रेमियों के लिए जन्नत भी माना जाता है। अंगुबे को कर्नाटक का चेरापूंजी भी कहा जाता है। क्योंकि यहां पर खूब बारिश होती है। इस हिल स्टेशन की खूबसूरती के आगे हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड भी फीके लगते हैं।

### जानिए क्यों है खास

सैलानियों के लिए अंगुबे बेहद ही खास और अद्भुत पर्यटन स्थल है। यह जगह उन लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है, जो प्रकृति से प्रेम करते हैं। यह अपने शांत वातावरण के लिए भी जाना जाता है।

अंगुबे हिल स्टेशन न सिर्फ अपनी खूबसूरती बल्कि एडवेंचर के लिए भी जाना जाता है। कई पर्यटक यहां पर हाईकिंग, ट्रैकिंग और कैंपिंग का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। यहां पर स्थित सबसे ऊंची बिंदू से फोटोग्राफी करना हर किसी का सपना होता है।

### अगुंबे सनसेट पॉइंट

जब भी अंगुबे में किसी शानदार जगह घूमने की बात होती है, तो सबसे पहले अंगुबे सनसेट पॉइंट की बात होती है। यह सबसे लोकप्रिय पॉइंट है, जहां से पूरे शहर का खूबसूरत नजारा दिखाई देता है। वहीं यहां से सनसेट और सनराइज का नजारा काफी मनमोहक होता है।

### जोगीगुंडी फॉल्स

अंगुबे में स्थित यह जगह जोगीगुंडी फॉल्स बेहद शानदार और अद्भुत खजाने से कम नहीं है। हर दिन दर्जन से अधिक पर्यटकों को यह खूबसूरत वॉटरफॉल आकर्षित करता है। इस वॉटरफॉल के आसपास काफी हरियाली है। बताया जाता है कि इसका पानी एक गुफा से निकलता है और मानसून का समय यहां पर घूमने के लिए सबसे बेस्ट है।


# ऐतिहासिक धरोहर और सांस्कृतिक समृद्धि का केंद्र है कपूरथला शहर

**कपूरथला ज्यूडिशियल किला भी एक ऐतिहासिक स्थल है, जो इस क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाता है। इस किले की वास्तुकला और इसे बनाने की शैली अत्यंत रोचक है। किला आज भी अपनी भव्यता और ऐतिहासिक धरोहर को बनाए हुए है।**

कपूरथला, पंजाब राज्य का एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है, जो अपनी भव्य वास्तुकला, शाही इतिहास और अद्भुत पर्यटन स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर न केवल पंजाब, बल्कि पूरे भारत में एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है। कपूरथला का सांस्कृतिक वैभव, ऐतिहासिक किले, महल और खूबसूरत बगीचे यहाँ आने वाले पर्यटकों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करते हैं। आइए जानते हैं कपूरथला के कुछ प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

### 1. कपूरथला महल

कपूरथला का सबसे प्रमुख आकर्षण है कपूरथला महल, जिसे फ्पंजाबी वर्सायफ् के नाम से भी जाना जाता है। यह महल फ्रांसीसी वास्तुकला से प्रेरित है और इसकी भव्यता और आकर्षण पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। महल के अंदर शानदार कमरे, खूबसूरत गैलरी और विस्तृत बगीचे हैं।



महल की संरचना और इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि इसे कपूरथला का प्रमुख पर्यटन स्थल बनाती है। यहाँ का बगीचा और झील पर्यटकों को शांति और सौंदर्य का अनुभव कराते हैं।

### 2. शाही मस्जिद

कपूरथला में स्थित शाही मस्जिद एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है, जो अपनी अद्भुत वास्तुकला और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। इस मस्जिद को कपूरथला के तत्कालीन शाही परिवार द्वारा बनवाया गया था। मस्जिद का शाही और भव्य रूप पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहाँ की आंतरिक सजावट और विस्तृत बगीचों में भ्रमण करते हुए लोग शांति का अनुभव करते हैं।

### 3. सुंदरबाग

सुंदरबाग, कपूरथला का एक और प्रमुख आकर्षण है। यह बगीचा कपूरथला महल के पास स्थित है और इसकी सुंदरता पर्यटकों को बेहद आकर्षित करती है। यहाँ की हरियाली, फूलों की सुगंध और शांत वातावरण आपको एक अद्भुत अनुभव प्रदान करते हैं। सुंदरबाग में घूमने से पर्यटकों को पंजाब की प्राकृतिक सुंदरता का अहसास होता है।

### 4. कपूरथला ज्यूडिशियल किला

कपूरथला ज्यूडिशियल किला भी एक ऐतिहासिक स्थल है, जो इस क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाता है। इस किले की वास्तुकला और इसे बनाने की शैली अत्यंत रोचक है। किला आज भी अपनी भव्यता और ऐतिहासिक धरोहर को बनाए हुए है। किले के चारों ओर फैला हरित क्षेत्र और इसके प्राचीन कक्ष पर्यटकों को बहुत आकर्षित करते हैं।

### 5. गुलाबबाग

कपूरथला का गुलाबबाग एक शानदार बगीचा है, जो विशेष रूप से अपनी गुलाब की झाड़ियों के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ विभिन्न प्रकार के गुलाबों का संग्रह देखने को मिलता है, जो बाग को एक अद्वितीय सुंदरता प्रदान करते हैं। गुलाबबाग की सैर करते हुए पर्यटक गुलाबों की खूबसूरती और बाग के शांत वातावरण का आनंद लेते हैं। यह स्थान फूलों के शौकिनों के लिए आदर्श है।

### 6. चरणबीर बाग

चरणबीर बाग कपूरथला का एक ऐतिहासिक बाग है, जो अपने अद्भुत सौंदर्य और शाही संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है। इस बाग में कई आकर्षक फूल और पेड़-पौधे हैं, जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। बाग में स्थित ऐतिहासिक स्मारक और शाही महल इस स्थान को और भी खास बनाते हैं। यहाँ घूमते हुए पर्यटक प्रकृति के साथ-साथ इतिहास की समृद्धि को भी महसूस कर सकते हैं।


### 7. फव्वारा

फव्वारा कपूरथला के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। यह एक खूबसूरत और आकर्षक फव्वारा है, जो शहर के बीच स्थित है। इसके आसपास का माहौल और पानी के बहाव का दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। यहाँ पर अक्सर लोग आराम करने के लिए आते हैं और शहर की हलचल से दूर शांति का अनुभव करते हैं।

### 8. शहीदी स्मारक

कपूरथला के शहीदी स्मारक में भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। यह स्मारक उन वीर शहीदों की याद में बनवाया गया था जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। यह स्थल इतिहास प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण और शिक्षाप्रद स्थल है।

कपूरथला एक ऐसा शहर है, जहाँ ऐतिहासिक धरोहर, शाही महल, धार्मिक स्थल और प्राकृतिक सुंदरता का अद्भुत मिश्रण है। कपूरथला महल, शाही मस्जिद, सुंदरबाग और गुलाबबाग जैसे स्थल इस शहर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समृद्धि को दर्शाते हैं। यहाँ आने वाले पर्यटक न केवल पंजाब की लोक कला और संस्कृति से परिचित होते हैं, बल्कि वे यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक धरोहर का भी आनंद लेते हैं। अगर आप इतिहास, वास्तुकला और प्रकृति प्रेमी हैं, तो कपूरथला की यात्रा आपके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हो सकती है।



# ओडिशा की प्राचीन धरोहर हैं उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएँ

उदयगिरी गुफाएँ पहाड़ी की ऊपरी चोटी पर स्थित हैं और यहाँ कुल 18 गुफाएँ हैं। इन गुफाओं में से कुछ का उपयोग ध्यान, पूजा, और साधना के लिए किया जाता था, जबकि अन्य गुफाएँ विश्राम स्थल के रूप में बनायीं गई थीं।

ओडिशा राज्य के भुवनेश्वर शहर के निकट स्थित उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएँ प्राचीन भारतीय कला, संस्कृति और धार्मिकता का अद्भुत उदाहरण हैं। ये गुफाएँ न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि शिल्पकला और वास्तुकला के दृष्टिकोण से भी अत्यधिक मूल्यवान हैं। उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएँ जैन धर्म से संबंधित हैं और ये गुफाएँ 2,000 साल पुरानी मानी जाती हैं। इन गुफाओं को देखकर हम प्राचीन भारत की धार्मिक आस्थाओं और उनकी जीवनशैली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

उदयगिरी और खंडगिरी गुफाओं का इतिहास

उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएँ मुख्य रूप से जैन साधुओं द्वारा vst शताब्दी ईसा पूर्व में बनाई गई थीं। इन गुफाओं का निर्माण शासक कुमारगुप्त I के शासनकाल में हुआ था, जो गुप्त साम्राज्य के सम्राट थे। यह गुफाएँ उनके द्वारा प्रोत्साहित किए गए धार्मिक और सांस्कृतिक उद्देश्यों के तहत बनाई गई थीं। उदयगिरी का नाम उदय यानी सूर्योदय से जुड़ा हुआ है, जबकि खंडगिरी का अर्थ है खंडित पर्वत , जो यहाँ की पर्वत श्रृंखलाओं की विशेषता को दर्शाता है।

उदयगिरी गुफाएँ

उदयगिरी गुफाएँ पहाड़ी की ऊपरी चोटी पर स्थित हैं और यहाँ कुल 18 गुफाएँ हैं। इन गुफाओं में से कुछ का उपयोग ध्यान, पूजा, और साधना के लिए किया जाता था, जबकि अन्य गुफाएँ विश्राम स्थल के रूप में बनायीं गई थीं। यहाँ की गुफाओं में जैन धर्म से संबंधित चित्रकला और मूर्तिकला का अद्भुत उदाहरण देखने को मिलता है।

उदयगिरी की गुफाओं में प्रमुख गुफा हाथी गुफा है, जिसका नाम यहाँ की हाथी के आकार की मूर्ति के कारण पड़ा। इसके अलावा, गांधार गुफा भी प्रसिद्ध है, जहां एक बड़ी मूर्ति और शिलालेख पाए जाते हैं। ये गुफाएँ जैन साधुओं द्वारा ध्यान और तपस्या के लिए इस्तेमाल की जाती थीं। यहाँ की दीवारों और छतों पर उकेरी गई मूर्तियाँ और चित्र आज भी उस समय के कला और शिल्प कौशल की गवाही देती हैं।

खंडगिरी गुफाएँ

खंडगिरी गुफाएँ उदयगिरी के पास स्थित हैं और यहाँ कुल 15 गुफाएँ हैं। इन गुफाओं का आकार उदयगिरी की गुफाओं से थोड़ा अलग है, और इनका निर्माण भी जैन साधुओं द्वारा ध्यान और पूजा के उद्देश्य से किया गया था। खंडगिरी गुफाओं की दीवारों पर जैन धर्म के अनुयायियों के जीवन और उनके अनुशासन की छवियाँ उकेरी गई हैं। खंडगिरी की एक प्रसिद्ध गुफा रानी गुफा है, जिसे शाही गुफा भी कहा जाता है। यह गुफा अपनी सुंदर वास्तुकला के लिए जानी जाती है। इसमें एक शाही परिवार की मूर्तियाँ और चित्रकला देखने को मिलती हैं। यहाँ की अन्य गुफाओं में साधारण साधुओं के चित्र और मूर्तियाँ हैं जो उनके जीवन की गाथाएँ बयान करती हैं।

शिल्पकला और मूर्तिकला

उदयगिरी और खंडगिरी गुफाओं की दीवारों पर उकेरी गई मूर्तियाँ और चित्र शिल्पकला और मूर्तिकला का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। यहाँ पर जैन धर्म से संबंधित कई दृश्य और भगवान महावीर की मूर्तियाँ, जो कि जैन धर्म के प्रमुख तीर्थंकर हैं, देखने को मिलती हैं। गुफाओं में शिलालेख भी पाए जाते हैं, जो उस समय की धार्मिक और सांस्कृतिक जीवनशैली के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं।

इन गुफाओं की शिल्पकला में रचनात्मकता और सूक्ष्मता दिखाई देती है। उदाहरण के लिए, उदयगिरी की हाथी गुफा में उकेरी गई हाथी की मूर्ति और खंडगिरी की रानी गुफा में शाही सजावट इसकी विशेषता हैं।

उदयगिरी और खंडगिरी गुफाओं का धार्मिक महत्व

इन गुफाओं का धार्मिक महत्व बहुत अधिक है, खासकर जैन धर्म के अनुयायियों के लिए। इन गुफाओं में ध्यान और साधना के लिए विशेष स्थान बनाए गए थे। यहाँ की मूर्तियाँ और चित्र जैन धर्म के अनुयायियों के जीवन और उनकी आस्थाओं को व्यक्त करते हैं। इन गुफाओं के माध्यम से हम जैन धर्म के इतिहास, विचारधारा और आस्था को समझ सकते हैं।

## इंडियन शिक्षण संस्थान बडाऊ में बेजुबान पक्षियों के लिए लगाए 11 परिंडे



भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ी।

**हर्ष स्वामी ।** बढ़ती गर्मी और लगातार बढ़ रहे तापमान को देखते हुए इंडियन शिक्षण संस्थान बडाऊ में बेजुबान पक्षियों के लिए 11 परिंडे लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान संस्थान परिसर में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की गई ताकि भीषण गर्मी में उन्हें राहत मिल सकें। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन सुनील बोहरा ने कहा कि बेजुबान पशु-पक्षियों की सेवा करना पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, दुकान और सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि पक्षियों का जीवन सुरक्षित रह सके। कार्यक्रम में सचिव रघुवीर शर्मा, केकेएमएस कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. मुकेश दाधीच, प्रकाश दास स्वामी, संस्कार स्कूल के प्रधानाचार्य सूर्य प्रकाश शर्मा, इंडियन चिल्ड्रन एकेडमी की प्रिंसिपल सुमन शेखावत, अंग्रेजी माध्यम प्रभारी पूजा सैनी, प्रमोद सुरोंलिया, कॉलेज व्याख्याता मंजू शर्मा, दर्शन वर्मा, पूनम जांगिड़, सोनू जांगिड़, मंजू सैनी, प्रमोद सिंह डोगरा, रवि शर्मा, महिपाल सिंह, मुराद खान सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## एचसीएल की केसीसी इकाई में पीडी बोहरा ने संभाला इकाई प्रमुख का पद

भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ी नगर।



**हर्ष स्वामी ।** हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स (केसीसी) इकाई में पीडी बोहरा ने इकाई प्रमुख के पद का कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने पर विभिन्न संगठनों एवं अधिकारियों ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर गोठड़ा सरपंच प्रतिनिधि हरिराम गुर्जर, केसीसी ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष सवाई सिंह सिराधना तथा केसीसी हॉस्पिटल के डॉ. प्रमोद सिराधना ने पीडी बोहरा को गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी।उपस्थित लोगों ने केसीसी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में इकाई नई उपलब्धियां हासिल करेगी। नवनियुक्त इकाई प्रमुख पीडी बोहरा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कर्मचारियों के सहयोग से संस्थान की प्रगति एवं विकास के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

# प्रॉपर्टी डीलिंग की ओट में सट्टे का खेल, पुलिस ने करणबास चौराहे से सटोरिया दबोचा

## मंडावर पुलिस ने सटोरिये से 9800 रुपए नकद व सट्टे की पर्चियां की बरामद।

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।

**मनोज खंडेलवाल ।** कस्बे में प्रॉपर्टी डीलिंग के कारोबार की आड़ में लंबे समय से चल रहे सट्टे के अवैध खेल पर मंगलवार शाम मंडावर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सटोरिये को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने करणबास चौराहे पर दबिश देकर आरोपी के कब्जे से 9 हजार 800 रुपए नकद, सट्टे की पर्चियां और एक पेन बरामद किया है। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सक्रिय अन्य सटोरियों में हड़कंप मच गया और संभवतया भूमिगत हो गए। मंडावर थानाधिकारी प्रवीण मीणा ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कुछ समय से लगातार सट्टेबाजी की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद पुलिस ने विशेष निगरानी शुरू कर संदिग्ध लोगों पर नजर रखी। मंगलवार शाम मुखबिर से सूचना मिली कि करणबास चौराहे के पास एक व्यक्ति लोगों को एक रुपए के बदले 90 रुपए देने का लालच देकर सट्टे की खाईवाली कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को



दबोच लिया। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास भी किया, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। पुलिस जांच में आरोपी की पहचान ओमप्रकाश गुप्ता (53) पुत्र शांतिलाल गुप्ता निवासी पुराना बस स्टैंड, बंगाली की गली मंडावर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से नकद राशि और सट्टे से संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए। स्थानीय सूत्रों की मानें तो आरोपी लंबे समय से इस अवैध कारोबार में सक्रिय था और इसी धंधे से उसने लाखों रुपए की संपत्ति खड़ी कर ली। मंडावर के साथ-साथ जयपुर में भी उसकी संपत्तियां होने की चर्चाएं क्षेत्र में जोरों पर हैं।

गौरतलब है कि मंडावर में सट्टे का अवैध कारोबार कोई नया मामला नहीं है। पूर्व में भी इसी धंधे को लेकर विवाद खड़े हो चुके हैं और एक पूर्व थानाधिकारी सहित पुलिसकर्मी तक निलंबित हो चुके हैं। इसके बावजूद कस्बे में बार-बार सट्टे का नेटवर्क सक्रिय होना पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आखिर किसकी शह पर सटोरिये दोबारा सक्रिय हो जाते हैं। इस कार्रवाई के बाद लोगों में इस बात को लेकर भी नाराजगी है कि शहर के मुख्य चौराहे और थाने के आसपास के क्षेत्र में सट्टे का कारोबार बेखौफ और खुलेआम संचालित हो रहा है।थानाधिकारी प्रवीण मीणा ने साफ कहा कि क्षेत्र में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह के सट्टे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और बड़े चेहरों तक पहुंचने में जुटी हुई है। कार्रवाई के बाद पूरे इलाके में सट्टा कारोबार को लेकर फिर से चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है।

## आरएएस अधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश कस्वां ने गौसेवा में भेंट किए 40 क्विंटल तरबूज

### भीषण गर्मी में निराश्रित गौवंश को राहत पहुंचाने की पहल, गौशाला समिति ने जताया आभार

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** मुकुंदगढ़ रोड स्थित कामधेनु निराश्रित गौसेवा समिति में सोमवार को गौसेवा का प्रेरणादायी उदाहरण देखने को मिला। हेतमसर निवासी आरएएस अधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश कस्वां एवं उनके साथी उम्मेद जांगिड़ ने अपने जैविक कृषि फार्म की ओर से निराश्रित गौवंश के लिए 40 क्विंटल तरबूज भेंट किए।भीषण गर्मी के बीच गौवंश को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से किए गए इस सहयोग की गौशाला समिति एवं स्थानीय गौसेवकों ने सराहना की। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष किशोर सिंह ने डॉ. कस्वां का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिक समय में जैविक खेती को अपनाकर परंपरागत कृषि को बढ़ावा देना अपने आप में सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि जैविक खेती से प्राप्त उपज को गौसेवा में समर्पित करना समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश है। गर्मी के मौसम में तरबूज जैसे रसदार फल गौवंश के लिए राहत का कार्य करेंगे। डॉ. सत्यप्रकाश कस्वां ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा रही है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता अनुसार निराश्रित गौवंश की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी गौशाला के लिए सहयोग जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान रविन्द्र शर्मा, प्रकाश स्वामी, गजेंद्र सिंह, वंश माथुर, मोहनलाल सहित कई गौसेवक उपस्थित रहे। गौशाला परिसर में सेवा कार्य को लेकर सकारात्मक वातावरण देखने को मिला।

### प्रसन्न जाजोदिया ने लहराया सफलता का परचम

## 12वीं सीबीएसई परीक्षा में हासिल किए 96.2 प्रतिशत अंक

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

व्यवसायी रितेश जाजोदिया व राजकीय महाविद्यालय लक्ष्मनगढ में सहायक आचार्य डॉ सुधा पोद्दार जाजादिया के प्रतिभाशाली व होनहार सुपुत्र प्रसन्न जाजोदिया ने 12वीं सीबीएसई परीक्षा के घोषित परिणाम में 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार, समाज व नगर का नाम रोशन



किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरूजनों व परिजनों को दिया है। प्रसन्न जाजोदिया प्रिंस स्कूल सीकर के 12वीं कॉमर्स के विधार्थी के रूप में परीक्षा में शामिल हुए उन्होंने 10वीं सीबीएसई परीक्षा में भी 95.4 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। प्रसन्न की शानदार सफलता पर पारिवारिक सदस्यों व शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

## जिला स्तरीय स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन बेसिक कोर्स पलसाना में आज से

### जिला मुख्यालय ने दिए प्रशिक्षण में पहुंचने के निर्देश

भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय के द्वारा पलसाना में जिला स्तरीय स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन यूनिट लीडर बेसिक कोर्स का आयोजन 14 मई से किया जा रहा है। जिला संगठन आयुक्त बंसत कुमार लाटा ने बताया कि राजस्थान राज्य की शिक्षा नीति के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में स्काउट गाइड गतिविधि संचालित होनी आवश्यक है राजकीय एवं निजी विद्यालयों में गतिविधि में सक्रियता लाने के लिए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा सीकर के आदेशों की पालना में सरस्वती विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय पलसाना में गुरुवार से सात दिवसीय स्काउट मास्टर बेसिक कोर्स एवं गाइड कैप्टन यूनिट लीडर बेसिक कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में अप्रशिक्षित स्काउट मास्टर शिक्षक एवं गाइड कैप्टन हेतु अप्रशिक्षित महिला को भिजवाया जाना है। ऐसे विद्यालय जिन्होंने शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को आदेश की पालना के बाद भी बुधवार को रिलीव नहीं किया गया संबंधित संस्था प्रधान द्वारा गुरूवार को विधालय से रिलीव कर प्रशिक्षण स्थल हेतु भिजवाना सुनिश्चित किया जाए। प्रशिक्षण स्थल पर संचालित पूर्व तैयारियों का स्थानीय संघ के पदाधिकारियों द्वारा अवलोकन कर जायजा लिया गया। जहां कल से जिला स्तरीय स्काउटर गाइडर प्रशिक्षण शुरू होगा।

## दिव्य बजाज ने लहराया सफलता का परचम

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

व्यवसायी संजय बजाज के पुत्र व सामाजिक कार्यकर्ता युवा अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री संदीप बजाज के भतीजे दिव्य जाजोदिया ने 12वीं सीबीएसई परीक्षा के घोषित परिणाम में 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार, समाज व नगर का नाम रोशन किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरूजनों व परिजनों को दिया है। दिव्य बजाज बगड़िया स्कूल के 12वीं कॉमर्स के विधार्थी के रूप में परीक्षा में शामिल हुए उन्होंने 10वीं सीबीएसई परीक्षा में भी 93.6



प्रतिशत अंक हासिल किए थे। शानदार सफलता पर पारिवारिक सदस्यों व शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

## मंडावा में जनगणना 2026 का चौथा चरण प्रशिक्षण जारी, 15 मई तक चलेगा अंतिम बैच

### तीन चरणों का प्रशिक्षण पूर्ण, अब चौथे बैच के प्रगणकों को दी जा रही जनगणना की जानकारी

### जनगणना 2026 को लेकर मंडावा प्रशासन सक्रिय, 168 कर्मचारियों की टीम को किया जा रहा प्रशिक्षित

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** मंडावा उपखंड क्षेत्र में जनगणना 2026 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां लगातार तेज होती जा रही हैं। पंचायत समिति सभागार में प्रगणकों के लिए चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत अब चौथे चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले तीन चरणों की ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है, जबकि चौथे बैच का प्रशिक्षण 15 मई तक जारी रहेगा। प्रशासन द्वारा कुल चार बेंच बनाई गई हैं, जिनके माध्यम से ग्रामीण स्तर पर प्रगणकों और कर्मचारियों को जनगणना कार्य की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर के नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में ट्रेनर



अनिल कुमार आर्य, ट्रेनर सरिता चाहर ने प्रगणकों को घर-घर सर्वे, परिवारों की सही जानकारी दर्ज करने, दस्तावेज सत्यापन, मोबाइल एप संचालन और डिजिटल माध्यम से डेटा एंट्री की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि इस बार जनगणना कार्य को अधिक पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा। प्रशासन द्वारा जनगणना के पहले चरण में 1 मई से 15 मई तक नागरिकों को 'स्व-गणना' की सुविधा दी गई है। इसके तहत आमजन ऑनलाइन पोर्टल पर स्वयं अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। प्रशासन ने लोगों से समय रहते सही और पूर्ण जानकारी भरने की अपील की है, ताकि आंकड़े अधिक सटीक और विश्वसनीय बन सकें।

वहीं दूसरे चरण की शुरुआत 16 मई से होगी, जिसमें जनगणना की टीमें घर-घर जाकर परिवारों की जानकारी एकत्रित करेंगी। इस कार्य के लिए मंडावा तहसील क्षेत्र में कुल 168 कर्मचारियों की टीम गठित की गई है, जिसमें 25 सुपरवाइजर और करीब 130 फील्ड कर्मचारी शामिल हैं। सभी कर्मचारियों को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों को सर्वे के समय बरती जाने वाली सावधानियों, डेटा गोपनीयता और डिजिटल रिकॉर्डिंग प्रणाली की जानकारी भी दी जा रही है। ट्रेनर अनिल कुमार ने बताया कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिससे प्राप्त आंकड़े भविष्य की सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों का आधार बनते हैं। उन्होंने नागरिकों से जनगणना कार्य में सहयोग करने और सही जानकारी उपलब्ध करवाने की अपील की। मंडावा पंचायत समिति में चल रहा यह चौथे चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी जनगणना 2027 को सफल, व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## भीम प्रज्ञा कविता

## किनारा और लहर



एक गहरा समंदर, शांत सा मन,
भीतर कहीं छिपा है, मीठा सा मधुबन।
वह प्रेम माँगता है, कोमल हाथों से,
पर उत्तर देता है, भारी जज़्बातों से।

जब बादल घिरते हैं, और हवाएँ चलती हैं,
वही ममता की आग, अचानक जलती है।
वह पास बुलाता है, पर मुट्ठी भींच लेता है,
अपना सर्वस्व देकर, कुछ छीन लेता है।

क्यों ढूँढता है वह, लड़ाई में सुकून?
क्यों रफ़्तार में बहता है, उसका जुनून?
शायद वह पत्थर है, जिसे प्रेम ने छुआ,
नर्म होने की चाह में, जो अंगारा हुआ।

**क्षमा राव, मुंबई**
**कवयित्री**

## वंशिका जाजोदिया 12वीं सीबीएसई परीक्षा में 96.40 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में रही टॉपर, लहराया सफलता का परचम



भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

व्यवसायी गणेश जाजोदिया की सुपुत्री व वंशिका जाजोदिया ने 12वीं सीबीएसई परीक्षा के घोषित परीक्षा परिणाम में 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार, समाज व नगर का नाम रोशन किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरूजनों व परिजनों को दिया है। वंशिका जाजोदिया की शानदार सफलता पर पारिवारिक सदस्यों व शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

## बुहाना में 16 वर्षीय रजत शर्मा से मारपीट मामले में युवाओं ने सौंपा ज्ञापन

भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।

भादरा क्षेत्र के 16 वर्षीय रजत शर्मा के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर सिंघाना के पूर्व पार्षद हेमंत शर्मा के नेतृत्व में युवाओं ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में युवाओं ने कहा कि महज एक रुपए के विवाद में किसी किशोर के साथ अमानवीय तरीके से मारपीट करना बेहद निंदनीय और इंसानियत को शर्मसार करने वाला कृत्य है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि घटना में शामिल दोषियों को कठोर से कठोर सजा दी जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। युवाओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन द्वारा आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो इस मुद्दे को उच्च स्तर तक उठाकर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान ब्राह्मण विकास समिति सिंघाना-बुहाना अध्यक्ष नरेश शर्मा एडवोकेट, नगर पालिका सिंघाना सलाहकार सुभाष शर्मा एडवोकेट, नगर पालिका सिंघाना पूर्व उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दीपक नायक, पूर्व पार्षद अमित शर्मा, लक्की शर्मा, अनिल नायक, राजेश सैनी, वेद प्रकाश नायक, नितिन कुमार, संदीप, अनीश रोहिल्ला सहित अन्य युवा मौजूद रहे।

### डूंगरपुरवासियों से स्वच्छता सर्वे में भागीदारी की अपील,

## 'जनभागीदारी से ही बनेगा डूंगरपुर आदर्श स्वच्छ शहर'- के.के. गुप्ता

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।



**पवन कुमार शर्मा ।** केके गुप्ता ने डूंगरपुरवासियों से स्वच्छता सिटिजन फीडबैक सर्वे में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शहर की पहचान उसकी स्वच्छता, नागरिक अनुशासन और जनभागीदारी से होती है तथा डूंगरपुर ने स्वच्छता के क्षेत्र में प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में नागरिकों का फीडबैक बेहद महत्वपूर्ण है और सकारात्मक भागीदारी से डूंगरपुर को बेहतर राष्ट्रीय रैंकिंग मिल सकती है। गुप्ता ने युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि डूंगरपुर मॉडल की प्रदेशभर में सराहना हो रही है, क्योंकि यहां स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप दिया गया है। घर-घर कचरा पृथक्करण, सार्वजनिक स्थलों की सफाई और प्लास्टिक मुक्त वातावरण की दिशा में नागरिकों की जागरूकता प्रशंसनीय है। अंत में उन्होंने सभी नागरिकों से स्वच्छ, सुंदर और विकसित डूंगरपुर के निर्माण के लिए स्वच्छता सिटिजन फीडबैक सर्वे में अधिकाधिक भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

## भाजपा नेता राजेश दहिया ने बामनवास में किया चौधरी सोलर एवं इंश्योरेंस का उद्धाटन

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।

भाजपा नेता राजेश दहिया ने बुधवार को बामनवास में चौधरी सोलर एवं इंस्योरेंस का उद्धाटन किया। दहिया ने बताया की ग्रामीण क्षेत्र के किसानों के लिए एक नई शुरुआत हुई है। अब किसान भाई सोलर और इंश्योरेंस की सुविधाएं अपने गाँव में ही आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। दहिया ने प्रोपराइटर राहुल चाहर को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी और कहा की आपका यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर पूर्व सरपंच महाबीर सिंह, प्रमोद चाहर, उम्मेद महला, सुभाष डांगी, महेंद्र पांडे, संजय डांगी, संजीव डांगी, रोहिताश जांगिड़ सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## राजकीय महाविद्यालय बुहाना में स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू

### कला संकाय की 200 सीटों पर 15 मई तक होंगे आवेदन

भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में राजकीय महाविद्यालय बुहाना में भी स्नातक कला संकाय के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक विद्यार्थी 15 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार राजकीय महाविद्यालय बुहाना में कला संकाय में कुल 200 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी ई-मित्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है। नोडल अधिकारी राकेश कुमार तथा हेल्प डेस्क प्रभारी कमल कुमार ने बताया कि महाविद्यालय में कला संकाय के अंतर्गत हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, राजनीतिक विज्ञान, भूगोल, इतिहास,



समाजशास्त्र और संस्कृत विषय संचालित हैं। इन सभी विषयों के लिए महाविद्यालय में सहायक आचार्य उपलब्ध हैं, जो विद्यार्थियों को मेहनत, निष्ठा और गुणवत्तापूर्ण तरीके से अध्यापन कार्य करवाते हैं।उन्होंने बताया कि प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित अंतिम तिथि से पहले ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन अवश्य कर दें। आवेदन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या आने पर विद्यार्थी महाविद्यालय कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा हेल्प डेस्क प्रभारी कमल कुमार से भी प्रवेश संबंधी जानकारी एवं समस्या समाधान के लिए संपर्क किया जा सकता है। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करें, ताकि प्रवेश से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके। महाविद्यालय में कला संकाय के विभिन्न विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाई जा रही है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिल रहे हैं। प्राचार्य कार्यालय की ओर से जारी जानकारी में बताया गया कि राजकीय महाविद्यालय बुहाना क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाया जाता है। प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नियमानुसार मेरिट एवं अन्य निर्धारित प्रक्रिया के आधार पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में कैंब्रिज स्कूल सिमनी ने लहराया परचम

# 12वीं में 20 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का नाम किया रोशन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में कैंब्रिज स्कूल सिमनी ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने वाणिज्य, कला और विज्ञान तीनों वर्गों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस वर्ष विद्यालय के कुल 20 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता का नया उदाहरण प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था निदेशक श्री रहीश यादव, चेयरमैन हरिकृष्ण यादव, प्रधानाचार्य रविंद्र जांगिड़ सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस दौरान मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। संस्था निदेशक रहीश यादव ने कहा कि विद्यालय का यह शानदार परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कैंब्रिज संस्था का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अनुशासित, संस्कारित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। अभिभावकों के विश्वास को


छात्रा साक्षी पुत्री रवि कुमार
वाणिज्य वर्ग- 96.60

बनाए रखना और विद्यार्थियों को भविष्य के लिए बेहतर रूप से तैयार करना संस्था की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रधानाचार्य रविंद्र जांगिड़ ने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 12वीं वाणिज्य वर्ग में साक्षी पुत्री रवि कुमार ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कला वर्ग में अंजली यादव पुत्री कृष्ण कुमार यादव ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। वहीं विज्ञान वर्ग में अंशु पुत्र वीरेंद्र ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर विज्ञान वर्ग में विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि इनके अलावा कनक डांगी पुत्री रमेश कुमार ने 95.40 प्रतिशत, तनु पुत्री रामपाल यादव ने 94.60 प्रतिशत, सोनम पुत्री जयपाल ने 94.40 प्रतिशत, विधु पुत्री जयपाल सिंह ने 94 प्रतिशत, करीना पुत्री जगदीश प्रसाद ने 93.80 प्रतिशत, अहिता पुत्री रोहिताश ने 92.60 प्रतिशत, निकिता गुप्ता पुत्री विनोद कुमार ने 92.60 प्रतिशत, भूमिका भूरिया पुत्री राजपाल सिंह ने 92.20 प्रतिशत, अंतिम पुत्री जयवीर ने 92 प्रतिशत, निशा पुत्री हरिराम ने 91.80 प्रतिशत, करिश्मा पुत्री राजाराम ने 91.80 प्रतिशत, साहिल पुत्र कृष्ण कुमार ने 91.60 प्रतिशत, जोया निर्मल पुत्री सतीश कुमार ने 91.40 प्रतिशत, जयंत पुत्र शक्ति सिंह ने 90.60 प्रतिशत, ईशु पुत्री दिनेश कुमार ने 90.40 प्रतिशत तथा साक्षी पुत्री कैलाश चंद्र ने 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। चेयरमैन हरिकृष्ण यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही विद्यार्थियों के भविष्य को स्वर्णिम बनाती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, संस्कार और आत्मविश्वास भी प्रदान किया जाए, ताकि वे आगे चलकर समाज और देश के लिए उपयोगी नागरिक बन सकें। उन्होंने सभी मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय परिवार ने मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन को दिया। विद्यालय स्टाफ ने भी विद्यार्थियों को भविष्य में और अधिक मेहनत कर उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में संस्था निदेशक श्री रहीश यादव ने कहा कि कैंब्रिज स्कूल सिमनी आने वाले समय में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। विद्यालय की इस उपलब्धि से अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

## गांव-गांव पहुंच रही न्याय की अलख : विधिक सेवा प्राधिकरण ने फौलादपुर, गूगलकोटा समेत कई गांवों में चलाया जागरूकता अभियान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेश चन्द ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटपूतली द्वारा तालुका विधिक सेवा समिति बहरोड़ के सानिध्य में फौलादपुर, शाहजहांपुर, चौबारा, गूगलकोटा सहित विभिन्न गांवों में जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को कानूनी अधिकारों एवं सरकारी विधिक सेवाओं की जानकारी दी गई। 13 मई को आयोजित अभियान के दौरान पैरालीगल वॉलंटियर सुनील कुमार ने गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों को राष्ट्रीय लोक अदालत, बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जरूरतमंद, किसान, मजदूर, महिलाओं एवं पीड़ित व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता और सलाह उपलब्ध कराई जाती है। गूगलकोटा ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों को कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, लोक अदालतों के माध्यम से त्वरित न्याय तथा समाज में फैली कुरीतियों के विरुद्ध कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में गूगलकोटा सरपंच श्याम सुंदर यादव,



ठेकेदार नसीब अली, शिक्षाविद गिर्राज यादव, सुभाष फौजी, सूबेदार दीपचंद यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने विधिक जागरूकता वैन के माध्यम से गांव-गांव पहुंचकर दी जा रही जानकारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के जागरूकता अभियान लोगों को अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के इस प्रयास को समाज हित में उपयोगी बताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की मांग की।

## नीमराना पुलिस की होटल-गेस्ट हाउसों में छापेमारी, 16 संदिग्ध पुरुष धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेश चन्द ।** जिला पुलिस अधीक्षक कोटपूतली-बहरोड़ सतवीर सिंह IPS के निर्देश पर नीमराना थाना पुलिस ने क्षेत्र में संचालित होटल, ढाबों और गेस्ट हाउसों में संदिग्ध गतिविधियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाकर 16 संदिग्ध पुरुषों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया है। एसपी सतवीर सिंह IPS द्वारा कस्बा बहरोड़ में अनैतिक व संदिग्ध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमराना सुरेश कुमार खींची (RPS) के निर्देशन और पुलिस उप अधीक्षक वृत्त नीमराना चारूल गुप्ता (RPS) के सुपरविजन में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। थानाधिकारी नीमराना राजेश कुमार मीणा के



नेतृत्व में थाना स्तर पर दो विशेष टीमें गठित की गईं। इन टीमों ने थाना क्षेत्र के विभिन्न होटल, गेस्ट हाउस और स्पा सेंटरों में अचानक चेकिंग की। चेकिंग के दौरान संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाए गए 16 पुरुषों को मौके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में कानून- व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए भविष्य में भी इस तरह की प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

## आज भी गर्मी का रेड अलर्ट, जैसलमेर देश में सबसे गर्म



**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**ह्यह्यह्यजयपुर ।** राजस्थान इन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। लगातार चौथे दिन देश की सबसे गर्म जगह राजस्थान में रही। जैसलमेर इस लिस्ट में 46.1 डिग्री के साथ सबसे ऊपर था। इससे पहले तीन दिन बाड़मेर सबसे गर्म शहर था। मौसम केंद्र जयपुर ने आज भी गर्मी को लेकर चार जिलों में रेड अलर्ट जारी किया। केंद्र ने 13 जिलों में लू की चेतावनी भी जारी की है। वहीं, बुधवार को वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण बीकानेर, जयपुर संभाग के 8 से ज्यादा जिलों में बादल छाए और कई स्थानों पर आंधी चलने के साथ हल्की बारिश और ओले गिरे। श्रीगंगानगर में दोपहर बाद रेत का तूफान भी आया।

## विधिक जागरूकता शिविर में विद्यार्थियों को अधिकारों व कर्तव्यों की दी जानकारी

### स्कूली बच्चों को साइबर क्राइम व नशे से दूर रहने को कहा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बीघड़ में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर दीपक अग्रवाल जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव सुयशा जावा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ जिसमें विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सुयशा जावा ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व, विधिक जागरूकता, बाल अधिकार, बाल श्रम, दहेज प्रथा, बाल विवाह, साइबर क्राइम तथा न्याय एवं समानता सुनिश्चित करने में समाज की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान नेहा रानी असिस्टेंट एलएडीसी ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और पहलों के बारे में भी अवगत कराया गया। विशेष रूप से उन योजनाओं पर प्रकाश डाला गया जिनका उद्देश्य समाज के वंचित एवं



कमजोर वर्गों को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना है। कार्यक्रम के अंत में एक संवाद सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपने प्रश्न पूछे और उनके संतोषजनक उत्तर दिए गए। इस सत्र को विद्यार्थियों द्वारा काफी सराहना की गई जिसमें उन्हें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों को बेहतर समझ विकसित करने में मदद मिली। उन्होंने बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति को निशुल्क कानून सहायता की आवश्यकता हो तो वह टोल फ्री नंबर 15100 पर संपर्क कर सकता है। कैंप के दौरान प्राचार्य आशा रानी, पूनम रानी पीजीटी गणित, निशा रानी पीजीटी पंजाबी, रिंपल पीजीटी हिंदी, निहाल सिंह पीजीटी अर्थशास्त्र व अन्य विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## चिड़ावा: मदर्स-डे पर समीर ऑप्टिकल की अनोखी पहल, माताओं को मिलेगा 'लकी चिट' से खास सरप्राइज गिफ्ट

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा**

'माँ सिर्फ एक रिश्ता नहीं, बल्कि दुनिया का सबसे खूबसूरत एहसास है।' इसी भावना को आत्मसात करते हुए कस्बे के गोशाला रोड स्थित प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान समीर ऑप्टिकल ने इस वर्ष मदर्स-डे को बेहद खास बनाने की तैयारी की है। प्रोपराइटर समीर सिंह शेखावत ने बताया कि इस बार माताओं के सम्मान में एक विशेष 'सरप्राइज गिफ्ट' ऑफर लॉन्च किया गया है। प्रतिष्ठान के संचालक और प्रसिद्ध श्याम भक्त समीर सिंह शेखावत ने जानकारी दी कि 10 मई से 20 मई तक चलने वाले इस विशेष ऑफर के तहत, जो भी व्यक्ति अपनी माता जी के साथ दुकान पर आएंगे, उन्हें 'लकी चिट' के माध्यम से एक विशेष उपहार भेंट किया जाएगा। शेखावत ने कहा, 'माँ हमेशा हमारा ख्याल रखती है, इस बार उनकी मुस्कान की बारी हमारी है।' चिड़ावा में अपनी तरह का यह पहला प्रयास है जहाँ किसी ऑप्टिकल स्टोर पर केवल माताओं के सम्मान में इस स्तर का आयोजन किया जा रहा है। समीर ऑप्टिकल न केवल व्यापार, बल्कि सामाजिक सरोकारों के लिए भी क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुका है। समीर सिंह शेखावत समय-समय पर हर वर्ग के लिए विशेष ऑफर लाते रहते हैं। उनके द्वारा अब तक- 5 निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। शिविरों में चिन्हित 500 से अधिक मरीजों के मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन मिश्री देवी आई अस्पताल, बहरोड़ में करवाए गए हैं। खास बात यह है कि इन ऑपरेशनों में मरीजों का एक पैसा भी खर्च नहीं होने




दिया गया। प्रोपराइटर शेखावत ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि इस मदर्स-डे पर अपनी माता जी को साथ लाएं और समीर ऑप्टिकल के इस विशेष उत्सव का हिस्सा बनकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाएं।

# जिला फतेहाबाद में बाढ़ आपदा से निपटने हेतु मॉक एक्सरसाइज की तैयारियां पूर्ण : एडीसी

### एनडीआरएफ, आर्मी व सभी विभागों के समन्वय से होगा फ्लड मॉक ड्रिल का आयोजन : एडीसी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** जिला फतेहाबाद में संभावित बाढ़ जैसी आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस मॉक एक्सरसाइज का उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की क्षमता को परखना है। नोडल अधिकारी एडीसी अनुराग ढालिया ने बताया कि मॉक एक्सरसाइज के दौरान भारी बारिश के कारण लघु सचिवालय में बाढ़ का पानी घुसने तथा भवन का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होने का काल्पनिक दृश्य तैयार किया जाएगा। इस स्थिति में लोगों के मलबे में दबने और घायल होने की आशंका को ध्यान में रखते हुए राहत एवं बचाव अभियान संचालित किया जाएगा।

#### इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर होगा सक्रिय

एडीसी ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन द्वारा तुरंत इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर सक्रिय किया जाएगा तथा सभी विभागाध्यक्षों और संबंधित एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रखा जाएगा। इसके साथ ही स्थिति के अनुसार इंसिडेंट एक्शन प्लान लागू कर राहत कार्य शुरू किए जाएंगे। एडीसी ने बताया कि बाढ़ जैसी परिस्थितियों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाए रखने के लिए नागरिक अस्पताल में अतिरिक्त 50 बेड की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा मेडिकल टीमों, एंबुलेंस सेवाओं तथा प्राथमिक उपचार केंद्रों को भी अलर्ट रखा गया है।

#### स्टेजिंग एरिया व राहत शिविर की व्यवस्था

एडीसी ने कहा कि मॉक ड्रिल के सफल संचालन के लिए स्टेजिंग एरिया नई सब्जी मंडी में बनाया गया है, जबकि राहत शिविर की व्यवस्था पंचायत भवन एवं अन्य सुरक्षित स्थानों पर की गई है। यहां प्रभावित लोगों को भोजन, पानी तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

#### अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटियां निर्धारित

एडीसी ने बताया कि आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटियां निर्धारित कर दी गई हैं। सभी टीमों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि वास्तविक आपदा की स्थिति में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ की टीम के साथ जिला प्रशासन का पूर्ण तालमेल स्थापित किया गया है। सर्च एंड रेस्क्यू कार्यों के लिए एनडीआरएफ की विशेष टीम मौके पर तैनात रहेगी, जो फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालने का कार्य करेगी।

#### समन्वय किया जाएगा स्थापित

एडीसी ने बताया कि 33वीं आर्म्ड डिवीजन के अधिकारियों के साथ भी समन्वय स्थापित किया गया है तथा सेना की ओर से लेफ्टिनेंट कर्नल पी.के. सिंह को ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। सेना एवं अन्य एजेंसियां प्रशासन के साथ मिलकर मॉक एक्सरसाइज को सफल बनाएंगी। उन्होंने कहा कि इस मॉक एक्सरसाइज के माध्यम से विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली, संसाधनों की उपलब्धता तथा आपसी समन्वय का मूल्यांकन किया जाएगा। इससे भविष्य में किसी भी प्राकृतिक आपदा के दौरान राहत कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। एडीसी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे मॉक एक्सरसाइज को गंभीरता से लें तथा निर्धारित जिम्मेदारियों का पूर्ण निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी आपदा से निपटने के लिए हर स्तर पर तैयार है।

## जिला फतेहाबाद का प्रतिष्ठित स्कूल ढिंगसरा शांति निकेतन ने शत-प्रतिशत सफलता के साथ रचा नया कीर्तिमान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में शांति निकेतन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ढिंगसरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर स्कूल, अभिभावकों तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया तथा विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों ने एक-दूसरे को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी।

उन्होंने इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यार्थियों की मेहनत, अध्यापकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को सफलता का मुख्य आधार बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों ने पूरे वर्ष कठिन परिश्रम और अनुशासन के साथ पढ़ाई की, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कशिश पुत्री श्री भूप सिंह ने 500 अंकों में से 477 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, कोमल पुत्री श्री राजकुमार ने 472 अंक प्राप्त कर द्वितीय व खुशी पुत्री श्री चत्तर सिंह ने 470 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल विद्यालय की नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। विद्यालय के विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया



कि विद्यालय के अध्यापकों ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से अतिरिक्त कक्षाएं, टेस्ट सीरीज और विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया। शिक्षकों ने प्रत्येक विद्यार्थी की कमजोरियों पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इसी का परिणाम है कि विद्यालय का परिणाम इस वर्ष भी शानदार रहा। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले समय में भी विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश और समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। भविष्य में भी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक सुविधाओं और नई शिक्षण तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। विद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक बनाना है। विद्यालय की इस शानदार सफलता ने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

# टोहाना पुलिस की बड़ी कामयाबी: 52.92 ग्राम हेरोइन सहित पटियाला का नशा तस्कर काबू

### चंडीगढ़ रोड पुलिस चौकी की टीम ने हैफेड गोदाम के पास से आरोपी को दबोचा –एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज-

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शहर टोहाना के अंतर्गत पुलिस चौकी चंडीगढ़ रोड की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए भारी मात्रा में हेरोइन सहित एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान लक्की यादव पुत्र लाल चंद, निवासी मथुरा कॉलोनी, पटियाला (पंजाब) के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरिक्षक कुलदीप ने



जानकारी देते हुए बताया की पुलिस टीम गश्त के दौरान मनियाना रोड पर मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि पटियाला निवासी एक युवक नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए टोहाना के राज नगर क्षेत्र में आया हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत हैफेड गोदामों के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया व नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके लोअर की जेब से एक पारदर्शी मोमी पाउच बरामद हुआ, जिसमें 52.92 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। आरोपी लक्की यादव के खिलाफ थाना शहर टोहाना में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21बी-61-85 के तहत मुकदमा 140/2026 दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, आरोपी से गहनता से पुछताछ कर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और मामले की जाँच जारी है।

# फतेहाबाद पुलिस की बडी पहल: स्कूली बच्चों को साइबर अपराध और दहेज कुरीति के प्रति किया जागरूक

**राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रतिया में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन**

**विद्यार्थियों को दिए साइबर सुरक्षा के टिप्स और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा-**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद/रतिया।**



**रजत विजय रंगा ।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक सुधार एवं जागरूकता अभियान के तहत आज राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रतिया में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक उप-निरीक्षक (ए एस आई) सुनीता ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की और विद्यार्थियों को वर्तमान समय के गंभीर अपराधों के प्रति सचेत किया।

**साइबर फ्रॉड से बचाव की जानकारी:** कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एएसआई सुनीता ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराधी नए-नए तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने बच्चों को 'साइबर फॉक्स' और अन्य ऑनलाइन खतरों के बारे में विस्तार से बताते हुए ।

**दहेज कुरीति और महिला सुरक्षा:** ASI सुनीता ने छात्राओं से संवाद करते हुए 'दहेज कुरीति' को समाज के लिए एक बड़ा कलंक बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही इस कुप्रथा को जड़ से खत्म कर सकता है। उन्होंने छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में पुलिस की मदद लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के विनाशकारी परिणामों के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे जैसी बुराई से दूर रहकर अपनी ऊर्जा शिक्षा और खेलकूद में लगानी चाहिए ताकि एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण हो सके।

**फतेहाबाद पुलिस का लक्ष्य:** फतेहाबाद पुलिस का उद्देश्य स्कूलों में जाकर बच्चों को जागरूक करना है ताकि वे भविष्य में किसी भी प्रकार के अपराध का शिकार होने से बच सकें। स्कूल प्रबंधन ने पुलिस द्वारा दी गई इस बहुमूल्य जानकारी और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

## सोनिया गांधी रूटीन चेकअप के बाद घर लौटीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को रूटीन चेकअप के लिए गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल पहुंचीं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि जांच के बाद वह घर लौट आई हैं। सूत्रों के मुताबिक सोनिया गांधी को मंगलवार रात करीब 10ः30 बजे मेदांता इंस्टीट्यूट ऑफ डाइजेस्टिव एंड हेपेटोबिलियरी साइंसेज में भर्ती कराया गया था। हालांकि, अस्पताल की ओर से इस पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। इससे पहले 24 मार्च को बुखार और संक्रमण के कारण उन्हें दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। वहां वह 7 दिन तक डॉक्टरों की निगरानी में रही थीं। राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को जनवरी से अब तक तीसरी बार भर्ती होना पड़ा है। इससे पहले मार्च में उन्हें सर गंगाराम अस्पताल ले जाया गया था। पेट में इंफेक्शन से जुड़ी समस्या बताई थी, जिसके इलाज के लिए वह वहां पहुंची थीं। वहीं जनवरी में उन्हें सांस लेने में समस्या हुई थी। यह भी कहा गया था कि दिल्ली में बढ़े हुए प्रदूषण और सर्दी के चलते भी उन्हें यह परेशानी हुई है। जून 2025 में भी सोनिया गांधी को सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया था। तब उन्हें हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बताई थी। बता दें बीते कुछ सालों से सोनिया गांधी का स्वास्थ्य थोड़ा खराब रहा है। माना जाता है कि इसके चलते उन्होंने कांग्रेस में अपनी सक्रियता भी पहले के मुकाबले कम कर दी है। यही नहीं राजनीतिक बैठकों, रैलियों आदि में भी वह पहले के मुकाबले कम ही दिखाई देती हैं। अभी 5 राज्यों के चुनाव प्रचार में भी उनकी सक्रियता नहीं नजर आई। प्रचार की पूरी कमान राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा, मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे नेताओं ने ही संभाल रखी थी।



## श्रीनगर में लश्कर के दो मददगार गिरफ्तार, हथियार और धमकी भरे पोस्टर बरामद

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी जीरो-टॉलरेंस नीति के तहत श्रीनगर के बाबा डेम इलाके में लश्कर-ए-तैयबा के दो सक्रिय मददगारों को गिरफ्तार किया है। रूटीन नाका चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार इन संदिग्धों को रोककर जब तलाशी ली गई, तो उनके पास से भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक पिस्तौल, तीन मैगजीन, 21 कारतूस, दो मोबाइल फोन और लश्कर-ए-तैयबा के 10 धमकी भरे पोस्टर जब्त किए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान फैसल अहमद भट (निवासी मलपोरा हब्बाकदल) और फैसल अहमद गुरू (निवासी राजोरी कदल) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके खिलाफ यूएपीए और आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। प्राथमिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि दोनों आरोपी क्षेत्र में लश्कर के आतंकियों के लिए काम कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घाटी में आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 25 दिनों में कश्मीर के विभिन्न इलाकों से अब तक 16 आतंकी मददगारों को दबोचा जा चुका है। इससे पहले 18 अप्रैल को हवल में चार, 23 अप्रैल को एक महिला समेत चार, और फिर 26 अप्रैल व 2 मई को भी गिरफ्तारियां की गई थीं। सुरक्षाबलों का कहना है कि आतंकियों और उनके मददगारों के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## पंजाब के पर्यटकों ने कुल्लू में तलवारों से किया हमला, स्थानीय लोग घायल

शिमला(एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के बंजार में पंजाब से आए पर्यटकों द्वारा कथित तौर पर तलवारें लहराने और लोगों पर हमला करने का मामला सामने आया है। इस घटना में दो स्थानीय नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें से एक का हाथ और दूसरे का गाल तलवार से कट गया। वारदात के बाद इलाके में तनाव फैल गया और पुलिस की कार्रवाई पर भी गंभीर सवाल उठे हैं। यह वारदात 10 मई की शाम को तब हुई जब पंजाब के लुधियाना जिले के खन्ना क्षेत्र से आए चार पर्यटक, मंदीप सिंह, प्रदीप सिंह, जशनप्रीत और प्रीतपाल की गाड़ी से एक व्यक्ति को टक्कर लग गई। इस मामूली बात पर शुरू हुई कहासुनी जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गई, जब पर्यटकों ने अपनी गाड़ी से तलवारें निकालकर लोगों पर हमला किया। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि ये पर्यटक चिट्टे (नशीले पदार्थ) के नशे में थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चारों आरोपियों को हिरासत में लिया। हालांकि, इसके तुरंत बाद लोगों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाकर थाने का घेराव किया। उनका कहना था कि पुलिस ने पांच लाख रुपये की रिश्वत लेकर आरोपियों को छोड़ने का प्रयास किया, उनका मेडिकल नहीं करवाया, और नशे में धुत होने के बावजूद उन्हें वीआईपी ट्रीटमेंट दिया था। स्थानीय लोग 11 मई की अलसुबह 4 बजे तक थाने में डटे रहे और पुलिस अधिकारियों के साथ उनकी तीखी बहस जारी रही।

## भारत की वैक्सीन मैत्री ने 42 अफ्रीकी देशों तक पहुंचाई कोविड वैक्सीन

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोविड-19 महामारी के सबसे कठिन दौर में भारत ने अपनी वैक्सीन मैत्री पहल के तहत 42 अफ्रीकी देशों को 4 करोड़ से अधिक मेड-इन-इंडिया वैक्सीन खुराकें प्रदान कर वैश्विक एकजुटता का एक उदाहरण पेश किया। इंडियन डिप्लोमेसी के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर साझा की गई पोस्ट में इस मानवीय प्रयास को वसुधैव कुटुंबकम (पूरी दुनिया एक परिवार है) की भावना का प्रतीक बताया है। साल 2020 में जब पूरी दुनिया वैक्सीन की भारी कमी से जूझ रही थी, तब भारत ने सबसे पहले मदद के लिए हाथ बढ़ाया। इस पहल ने न केवल भारत की वैश्विक जिम्मेदारी को दर्शाया, बल्कि मानवता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दिखाया। बोत्सवाना, केन्या, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस, मिस्र, नाइजीरिया, युगांडा, रवांडा, इथियोपिया, जिम्बाब्वे जैसे देश उन 42 अफ्रीकी राष्ट्रों में शामिल थे, जिन्हें ये जीवनरक्षक खुराकें मिलीं। इस दौरान भारत ने केवल अपने नागरिकों की जरूरतों पर ध्यान केंद्रित नहीं किया, बल्कि अन्य देशों की आवश्यकताओं को भी प्राथमिकता दी। यह कदम भारत और अफ्रीका के बीच के गहरे और भरोसेमंद संबंधों को भी मजबूत करता है, जो केवल कूटनीति तक सीमित नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गर्व और विनम्रता व्यक्त कर कहा था कि भारत में बनी वैक्सीन दुनिया भर के देशों तक पहुंच रही है, और इसका उद्देश्य सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि मानवता की मदद करना है।

## हिमाचल गवर्नर का ईंधन बचत पर बड़ा फैसला : काफिला आधा, हेलीकॉप्टर का त्याग

शिमला(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत की अपील पर अमल करते हुए हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने अपने आधिकारिक काफिले को तत्काल प्रभाव से कम करने और सरकारी कार्यक्रमों के लिए हेलीकॉप्टर का उपयोग न करने की घोषणा की है। बात दें कि बढ़ती वैश्विक ऊर्जा चुनौतियों के मद्देनजर, राज्यपाल ने हिमाचल को ईंधन बचत की दिशा में एक मॉडल राज्य बनाने का संकल्प लिया है। उनकी घोषणा के बाद अब सबकी निगाहें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर टिकी हैं, जिन्होंने अभी तक ऐसी कोई घोषणा नहीं की है।

इस पहल के तहत, राज्यपाल ने लोक भवन को फ्यूल कंजर्वेशन जोन के रूप में संचालित करने की बात कही है, जहां हर रविवार को पेट्रोल-फ्री संडे मनाया जाएगा। इसका अर्थ है कि रविवार को किसी भी सरकारी वाहन में आयातित ईंधन का उपयोग नहीं होगा, और सभी सरकारी कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या संयुक्त यात्रा व्यवस्था के माध्यम से आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने गैर-जरूरी बैठकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित करने के निर्देश दिए हैं ताकि अनावश्यक सड़क यात्रा और ईंधन खर्च को कम किया जा सके। सरकारी कार्यक्रमों और आयोजनों को भी समेकित किया जाएगा, जिससे वाहनों की आवाजाही कम हो। प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होने के नाते, राज्यपाल ने कुलपतियों से भी कैंपस में ईंधन और ऊर्जा संरक्षण को संस्थागत रूप से लागू करने की अपील की है। उन्होंने शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों को कारपूलिंग, साइकिल चलाने और सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश देने को कहा।

## भाई की मौत से दुखी अखिलेश ने कहा- कानून और परिवार जो तय करेगा, वही मानेंगे



**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का बुधवार को निधन हो गया। इस दुखद खबर से यादव परिवार और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रतीक यादव के निधन के बाद अखिलेश यादव लखनऊ स्थित पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे, जहां वह काफी देर तक मौजूद रहे। बाहर निकलने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में गहरा दुख व्यक्त किया। मौत के कारणों को लेकर पूछे गए सवाल पर सपा प्रमुख ने संयमित प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि परिवार और कानून जो तय करेगा, वही स्वीकार किया जाएगा। अखिलेश यादव ने जोर देकर कहा, कानून और परिवार के लोग जो कहेंगे, हम उसी बात को मानेंगे। हम पूरी तरह कानूनी रास्ता अपनाएंगे।

अखिलेश यादव ने बताया कि करीब दो महीने पहले हमारी मुलाकात हुई थी। मैंने उनसे कहा था कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और अपने कारोबार को आगे बढ़ाएं। कई बार कारोबार में नुकसान होने पर व्यक्ति अंदर से टूट जाता है। उन्होंने अपने छोटे भाई को याद करते हुए कहा, मैंने प्रतीक को बचपन से देखा है। यह बेहद दुखद है कि वह आज हमारे बीच नहीं हैं। वह जीवन में आगे बढ़कर काम करना चाहते थे। उनके जाने से परिवार को गहरा आघात पहुंचा है। उधर, सैफई स्थित यादव परिवार के पैतृक आवास के बाहर भी सन्नाटा पसरा हुआ है, क्योंकि परिवार के अधिकांश सदस्य लखनऊ रवाना हो गए हैं। इटावा और सैफई क्षेत्र में भी इस दुखद घटना के बाद शोक का माहौल देखा जा रहा है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान भी प्रतीक यादव के आवास पर पहुंचीं और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा, यह एक बहुत ही दुखद घटना हैः ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। भगवान परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति दें। ज्ञात हो कि प्रतीक यादव, समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे और भाजपा नेता अपर्णा यादव के पति थे। उनका पार्थिव शरीर पोस्टमॉर्टम के लिए लखनऊ स्थित केजीएमयू लाया गया है।

# टोहाना पुलिस की बड़ी सफलता: गुमशुदगी के मामले में हत्या का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार-डीएसपी जयभगवान

## रेहड़ी चालक की हत्या कर शव नहर में फेंका; एसएचओ कुलदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सुलझाई गुत्थी

**वैज्ञानिक साक्ष्यों, साइबर सेल और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों तक पहुंची पुलिस-सब इन्स्पेक्टर पवन कुमार भुक्कल**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** टोहाना पुलिस ने एक ब्लाईंड मर्डर की गुत्थी को सुलझाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। प्रारंभिक तौर पर यह मामला गुमशुदगी का प्रतीत हो रहा था, लेकिन पुलिस की सतर्कता, वैज्ञानिक जांच और तकनीकी विश्लेषण के चलते यह मामला सुनियोजित हत्या का निकला।डीएसपी टोहाना जयभगवान ने जानकारी देते हुए बताया कि किला मोहल्ला, टोहाना निवासी सुनील कुमार ने दिनांक 23 अप्रैल 2026 को थाना शहर टोहाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसका भाई राजेश कुमार (35) अपनी मोटरसाइकिल व रेहड़ी लेकर बाजार गया था, जिसके बाद वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। शिकायत के आधार पर थाना शहर टोहाना में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 127(6) के तहत गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एक विशेष टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस को राजेश कुमार का शव नहर से बरामद हुआ। शव मिलने के बाद परिस्थितियों, उपलब्ध साक्ष्यों तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में हत्या संबंधी धाराएं जोड़ी गईं।

डीएसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने वैज्ञानिक जांच, साइबर सेल की तकनीकी सहायता तथा मुखबिर तंत्र से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर मामले की गहनता से जांच की। जांच में सामने आया कि आरोपी विक्रम ने करीब दो लाख रुपये लेकर बिहार से राजेश कुमार की शादी करवाई थी। शादी के बाद राजेश अपनी वैवाहिक जिंदगी से खुश नहीं था तथा उसकी पत्नी के साथ अक्सर झगड़े होते रहते थे। इसी रंजिश और आपसी विवाद के चलते आरोपियों ने मिलकर राजेश कुमार की हत्या की साजिश रची। हत्या करने के बाद आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने की नीयत से शव को नहर में फेंक दिया। डीएसपी जयभगवान ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि हत्या के पीछे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके तथा वारदात में इस्तेमाल किए गए हथियार व अन्य सामान की बरामदगी की जा सके। पुलिस आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर रिमांड हासिल करेगी, ताकि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहराई से जांच की जा सके, फतेहाबाद पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से एक बार फिर यह स्पष्ट हुआ है कि जिले में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी है तथा किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।



# अधिकारी किसानों के लिए सेना की तरह काम करें, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**-सोरेन सरकार की कृषि मंत्री ने जिले में कांटिजेंट प्लान बनाने के दिए निर्देश**

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड में सोरेन सरकार की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के उत्थान के प्रति गंभीर है और इस दिशा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों के हित के लिए जो काम करेंगे, उनको सम्मान दिया जाएगा और जो लापरवाही करेंगे उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री तिर्की मंगलवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित खरीफ कर्मशाला 2026 के दूसरे दिन कर्मशाला में कृषि प्रभाग के निदेशकों की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जाहिर की।

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मौसम विभाग के मुताबिक इस साल मानसून में कम बारिश के आसार है जिस कारण सूखे की स्थिति पैदा हो सकती है। ऐसे में राज्य सरकार पहले से ही तैयारी कर किसानों को राहत पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है। सुखाड़ की आशंका को देखते हुए सभी जिला के कृषि पदाधिकारियों को अपने अपने जिले में कांटिजेंट प्लान बनाने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए समय अहम होता है। उसे यदि सही समय पर बीज न मिले, सिंचाई की सुविधा न मिले तो सारी मेहनत बेकार है।




उन्होंने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग एक सेना के रूप में किसानों के लिए काम करेंगे। जिला में नोडल पदाधिकारी जिला कृषि पदाधिकारी रहेंगे और कृषि प्रभाग से जुड़े सभी पदाधिकारी मिलकर एक्शन मोड पर काम करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि 15 मई को जिला स्तरीय बैठक बुलाए, जिसमें प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इसकी रिपोर्ट राज्य के नोडल पदाधिकारी को भेजेंगे। 20 मई को हर जिला में खरीफ मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 500 प्रगतिशील किसान भाग लेंगे। इसमें हर प्रखंड से भागीदारी हो इसे तय करेंगे।

मेला में मृदा जांच काउंटर भी उपलब्ध कराएंगे। कर्मशाला में जो बातें आपने सीखी है उसे सरल तरीके से किसानों को समझाना होगा। कृषि विभाग से क्या मदद मिल सकती है उसकी जानकारी भी दें। 22 मई को प्रखंड स्तर भी खरीफ मेला का आयोजन करें और पंचायत स्तर भागीदारी तय करें। हर पंचायत से 50-50 प्रगतिशील किसानों की भागीदारी तय करें। बीज का वितरण एसएचजी और एफपीओ के जरिए हो इसे भी तय करेंगे।

कृषि मंत्री ने कहा कि यह तय किया जाए कि पशुओं के दवाई का वितरण समय पर होने के लिए निविदा समय पर निकाली जाए। मई अंत तक तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य समाप्त हो जाना चाहिए। किसान आय के अन्य उपायों को भी अपनाने पर जोर दें, इसके लिए उन्हें प्रेरित करना होगा। जिला कृषि पदाधिकारी को अपने जिले की कृषि से संबंधित सभी जानकारी रखनी होगी।

## पाकिस्तान से बातचीत होते रहना चाहिए : संघ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत और पाकिस्तान के बीच जारी गतिरोध को समाप्त करने के लिए नागरिक समाज की भूमिका और आपसी संवाद पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव कम करने का सबसे प्रभावी माध्यम लोगों के बीच आपसी संपर्क है और बातचीत के दरवाजे हमेशा खुले रहने चाहिए।



होसबाले ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान के सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व ने भारत का विश्वास पूरी तरह खो दिया है। ऐसी स्थिति में अब समय आ गया है कि दोनों देशों का नागरिक समाज, शिक्षाविद, खिलाड़ी, वैज्ञानिक और सामुदायिक नेता आगे आएं और नेतृत्व करें। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अंततः नागरिक समाज के रिश्ते ही काम आएंगे क्योंकि दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंध हैं और हम कभी एक ही राष्ट्र रहे हैं।

आतंकवाद के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने 26/11, पुलवामा और पहलगाम जैसे हमलों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक स्तर पर हर संभव प्रयास किए जा चुके हैं, लेकिन पाकिस्तान की ओर से उकसावे वाली हरकतें जारी रहती हैं। इसके बावजूद, उन्होंने सुझाव दिया कि व्यापार, वाणिज्य और वीजा जारी करने जैसी प्रक्रियाएं बंद नहीं होनी चाहिए। उनके अनुसार, कूटनीतिक संबंधों को बनाए रखने का उद्देश्य यही है कि संवाद के लिए हमेशा एक खिड़की खुली रहे। उन्होंने सरकार को सलाह देते हुए कहा कि किसी भी देश की सुरक्षा और आत्मसम्मान की रक्षा करना सर्वोपरि है और मौजूदा सरकार को इसका पूरा ध्यान रखना चाहिए। लेकिन सुरक्षा चिंताओं के साथ-साथ ट्रैक टू कूटनीति और जन-संपर्क को और अधिक आजमाया जाना चाहिए। उन्होंने माना कि राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व में भारत के प्रति नकारात्मकता हो सकती है, लेकिन सांस्कृतिक और सामाजिक स्तर पर जुड़ाव ही भविष्य की उम्मीद है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब पारंपरिक राजनयिक माध्यमों पर काफी समय से चुप्पी छाई हुई है और नागरिक समाज की भागीदारी को लेकर नई बहस शुरू हो गई है।

# सोने के बहाने डॉलर की अकड़ कम करना हो सकता है पीएम का दांव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चौक-चौराहों से लेकर सोशल मीडिया तक, इन दिनों हर तरफ एक ही सवाल गूंज रहा है कि आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से सोना खरीदने और विदेश घूमने से मना क्यों किया? दरअसल, मौजूदा समय में पश्चिम-एशिया में जारी तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतें 75 डॉलर से उछलकर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। चूंकि भारत अपनी जरूरत का 85प्रतिशत से ज्यादा तेल आयात करता है और इसका भुगतान डॉलर में करना पड़ता है, इसलिए तेल खरीदना अब देश के लिए बहुत महंगा सौदा साबित हो रहा है। प्रधानमंत्री जानते हैं कि तेल अनिवार्य है क्योंकि ट्रक चलेंगे तभी अनाज पहुंचेगा और फैक्ट्रियां चलेंगी तभी अर्थव्यवस्था की पहिया घूमेगा। इसलिए उन्होंने उन चीजों पर कटौती की अपील की है जिन्हें टाला जा सकता है, जैसे सोना और पर्यटन।

प्रधानमंत्री ने लगातार दो दिनों तक जनता से अगले एक साल के लिए सोने से दूरी बनाने, पेट्रोल-डीजल और खाद्य तेल की खपत कम करने के साथ-साथ विदेश यात्राओं को फिलहाल टालने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री के इस बयान के अब गहरे आर्थिक और रणनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। असल में, यह पूरी कवायद भारत के विदेशी मुद्रा भंडार और रुपये की गिरती कीमत को संभालने की एक बड़ी कोशिश है।

भारत में सोने का मोह जगजाहिर है। आंकड़ों के अनुसार, वित्त-वर्ष 2025-26 के दौरान भारत ने करीब 6,11,830 करोड़ रुपये का 721 टन से अधिक सोना आयात किया। औसतन भारत हर घंटे 82 किलो सोना विदेशों से खरीदता है। जब हम इतनी भारी मात्रा में सोना या अन्य विलासिता की चीजें खरीदते हैं, तो बाजार में डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपया कमजोर होता है। वर्तमान में रुपया डॉलर के मुकाबले 95 के स्तर को पार कर चुका है। यदि यह गिरावट जारी रही, तो डॉलर 100 रुपये तक पहुंच सकता है, जिससे देश में भीषण महंगाई का खतरा पैदा हो जाएगा। प्रधानमंत्री की यह अपील करेंट अकाउंट डेफिसिट को काबू में रखने और डॉलर पर भारत की निर्भरता कम करने के लिए है। वर्क-फ्रॉम-होम और कारपूलिंग जैसी सलाहों के पीछे का मकसद भी यही है कि इंटरनेट का उपयोग कर पेट्रोल-डीजल की खपत घटाई जाए, जिससे विदेशी मुद्रा की बचत हो सके। सरल शब्दों में कहें, तो सरकार चाहती है कि वैश्विक बाजार के उतार-चढ़ाव का असर मध्यम वर्ग की थाली पर न पड़े और भारतीय अर्थव्यवस्था बाहरी झटकों के बावजूद आत्मनिर्भर और मजबूत बनी रहे।

# मुंबई इंडियंस को हराकर प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत करना चाहेगी पंजाब

**धर्मशाला (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स की टीम आईपीएल मुकाबले में गुरुवार को यहां मुम्बई इंडियंस के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। इस सत्र की शुरुआत में नंबर एक पर रही पंजाब की टीम पिछले चार मैच में लगातार हार से अंक तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गयी है। उसके अब तक 13 अंक हैं, ऐसे में प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे ये मैच हर हाल में जीतना होगा। कप्तान श्रेयस अय्यर की पंजाब के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं पर उसे पिछले मैचों में की गयी गलतियों से बचना होगा। उसके ऊपर दबाव भी रहेगा और ऐसे में अब देखना होगा कि वह किस प्रकार से खेलती है। इस मैच में उसे अपनी गेंदबाजी और फील्डिंग में जल्द से जल्द सुधार करना होगा। पिछले मैच में उसे इन दोनो क्षेत्रों की कमजोर से हार का सामना करना पड़ा था। उसे प्लेऑफ में जगह बनाने बचे हुए दो मैचों को हर हाल में जीतना होगा।

टीम का अब तक का सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। उसे शुरुआत में लगातार जीत मिली पर फिर टीम एकाएक हारने लगी।

टूर्नामेंट के पहले भाग में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां नजर नहीं आई पर बल्लेबाजी के असफल होने ही टीम हारने लगी। दिल्ली के खिलाफ मैच में टीम जीत के करीब पहुंच गई थी पर अंतिम पांच ओवरों में तेज गेंदबाज अपनी लेंथ बरकरार नहीं रख पाये। अर्शदीप सिंह सहित अन्य गेंदबाजों का इकॉनमी रेट सबसे खराब रहा है। जहां पहले हाफ में जेवियर बार्टलेट और अर्शदीप ने नई गेंद से अच्छा संयोजन प्रदान किया। वहीं लॉकी फर्ग्यूसन की वापसी के बाद इसमें अस्थिरता देखने को मिली है। पंजाब ने पिछले मैच में बेन ड्वार्शियस सहित बाएं हाथ के तीन तेज गेंदबाजों को मैदान पर उतारा पर ये सभी महंगे साबित हुए। अर्शदीप ने जिन 11 मैचों में हिस्सा लिया है, उनमें से अधिकांश में उन्होंने प्रति ओवर 10 से अधिक रन दिए हैं।

इसके अलावा टीम की फील्डिंग भी खराब रही है। वहीं अगर पंजाब की बल्लेबाजी की बात करें तो प्रभसिमरन सिंह को निरंतरता रखते हुए लंबी पारी खेलनी होगी जिससे वह शीर्ष क्रम में प्रियांश आर्य के साथ बड़ी साझेदार कर सकें। टीम ने पिछले मैचों में काफी कैच




छोड़े हैं जिससे भी टीम को नुकसान हुआ है।

वहीं दूसरे और मुंबई इंडियंस पहले ही पलेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में वह इस मैच में बिना किसी दबाव के उतरेगी। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज बेहतर प्रदर्शन कर लय हासिल करने उतरनेंगे। ऐसे में वह बेहतर प्रदर्शन कर पंजाब के प्लेऑफ का समीकरण बिगाड़ सकती है। जिसको ध्यान में रखते हुए पंजाब को सतर्क रहना होगा।

मुम्बई के कप्तान हार्दिक पंड्या चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच में नहीं खेल पाए थे और इस मैच में उनके उतरने की संभावना है। वहीं आंकड़ो पर नजर डालें तो दोनो के बीच अबतक 34 मैच हुए हैं जिसमें से मुम्बई ने 17 जबकि पंजाब ने 16 जीते हैं।

### टीम इस प्रकार है

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वार्शियस, पाइला अविनाश, विष्णु विनोद, प्रवीण दुबे, विशाल निषाद।

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), नमन धीर, शेरफेन रदरफोर्ड, रियान रिकेल्टन, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, राज बावा, विल जैक, कॉर्बिन बॉश, तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, अश्विनी कुमार, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, मयंक मारकंडे, शार्दुल ठाकुर, क्विंटन डीकॉक, दानिश मालेवार, अथर्व अंकोलेकर, एएम गज़नफ़र, मयंक रावत, रघु शर्मा, मोहम्मद सलाउद्दीन इज़हार, रॉबिन मिंज।

# थाईलैंड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे श्रीकांत और सिंधु





**बैंकाक (एजेंसी)।** भारत के किदाम्बी श्रीकांत और पीवी सिंधु यहां खेले जा रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंच गये हैं। पुरुष एकल में पूर्व विश्व नंबर-1 श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू को 21-14, 21-15 से सीधे सेटों में हराया। श्रीकांत ने अपनी आक्रामक शैली से लो कीन यू को वापसी का कोई अवसर नहीं दिया। अब अगले दौर में उनका सामना चीनी ताइपे के सू लि यांग से होगा। वहीं महिला एकल में, भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे की तुंग सियू तोंग को सीधे गेम में आसानी से हरा दिया। सिंधु ने अपने स्मैश और तेज रिटर्न से विरोधी खिलाड़ी को कोई अवसर नहीं दिया। अब उनका मुकाबला डेनमार्क की अमेली शूल्ज से होगा।

वहीं युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी को जापान के छठी वरीयता प्राप्त कोडाइ नराओका के खिलाफ 13-21, 21-17, 4-21 से हार का सामना करना पड़ा है। इसी तरह, तरुण मन्नेपल्ली भी जापान के कोकी वातानाबे से 12-21, 16-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। महिला एकल में भी भारत की उन्नति हुड्डा को थाईलैंड की चौथी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग ने 11-21, 21-17, 21-16 से हराया। भारत के ही अनमोल खरब का मुकाबला चीन के चेन यू फेई के खिलाफ 19-21, 21-13, 21-18 से हार का सामना करना पड़ा है।

# सुदर्शन ने लगातार तीसरे आईपीएल सत्र में 500 से अधिक रन बनाये

**-विराट के रिकार्ड की बराबरी पर आये**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुए मुकाबले में अपनी अर्धशतकीय पारी के साथ ही एक अहम रिकार्ड भी अपने नाम कर लिया है। सुदर्शन आईपीएल सत्र में लगातार तीसरी बार 500 से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इसी के साथ ही सुदर्शन ने आईपीएल में विराट कोहली के रिकार्ड की बराबरी कर ली है। विराट ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरीबी) की ओर से लगातार तीन सत्र में 500 से अधिक रन बनाये हैं।



सुदर्शन ने 2024 और 2025 के बाद अब 2026 में यह शानदार कारनामा किया है। है। इसी के साथ ही वह विराट के साथ तीसरे पायदान पर संयुक्त रूप से आ गये हैं। विराट ने साल 2023, 2024 और 2025 में यह रिकार्ड बनाया था। वहीं वेस्टइंडीज के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल ने साल 2011, 2012, 2013 और पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने साल 2019, 2020 और 2021 में भी लगातार तीन बार 500 से अधिक रन बनाये हैं।

हालांकि, आईपीएल में सबसे ज्यादा बार 500 से अधिक रन बनाने का ओवरऑल रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वॉर्नर के नाम दर्ज है, जिन्होंने छह बार यह उपलब्धि हासिल की है।

इस सत्र में साई सुदर्शन का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा है। उन्होंने अब तक 12 मैचों में 41.75 की शानदार औसत से कुल 501 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने पांच अर्धशतक और एक शतक लगाया है। वह ऑरेंज कैप की दौड़ में अभी दूसरे पायदान पर हैं, जहां सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन 12 मैचों में 50.80 के औसत से 508 रन बनाकर उनसे थोड़ा आगे हैं। वहीं, विराट कोहली इस सूची में 13वें स्थान पर हैं, जिन्होंने 11 मैचों में 42.11 के औसत से 379 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं।

# टी20 क्रिकेट में बल्लेबाज हो रहे हावी, गेंदबाजों को करने होंगे बदलाव : द्रविड़

**डबलिन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि आजकल के क्रिकेट जिस दौर में पहुंच गया है वहां बल्लेबाज हावी नजर आते हैं और गेंदबाजों की भूमिका उनके मुकाबले कमजोर नजर आती है। द्रविड़ के अनुसार इस प्रकार के हालातों में अपना दबदबा फिर से बनाने के लिए गेंदबाजों को अपने में बदलाव करना होगा। तभी वे बदलते हुए दौर में टिक पायेंगे। इस पूर्व कप्तान मानना है कि पिछले कुछ वर्षों में बल्लेबाजों ने खेल को पूरी तरह से बदल दिया है, जबकि गेंदबाज अभी भी उस स्तर तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

डबलिन में यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) से जुड़े एक कार्यक्रम के दौरान द्रविड़ ने कहा कि टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजी का स्तर लगातार ऊंचा होता जा रहा है। साथ ही कहा, पिछले दो-तीन साल में बल्लेबाजी में जिस तरह का बदलाव आया है, उसे देखते हुए मुझे लगता है कि गेंदबाजों को उस स्तर तक पहुंचने के लिए अब



काफी मेहनत करनी होगी। द्रविड़ ने विशेष रूप से युवा भारतीय बल्लेबाजों की भी प्रशंसा करते हुए कहा है कि इन लोगों ने पावरप्ले में बल्लेबाजी के अंदाज को ही बदल दिया है। उन्होंने अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, आयुष मात्रे और प्रियांश आर्य जैसे खिलाड़ियों का जिक्र किया, जो अब मैदान के हर हिस्से में बड़े शॉट खेलते हैं।

द्रविड़ ने साथ ही कहा कि आजकल बल्लेबाजी कौशल, छक्के लगाने की क्षमता और मैदान के अलग-अलग हिस्सों में शॉट खेलने की कला पहले से कहीं बेहतर हुई है, जिसने गेंदबाजों को परेशानी में डाल दिया है। साथ ही कहा कि आज के इस दौर में गेंदबाजों को भी विविधता लानी होगी । उन्होंने कहा, अगर संतुलन की बात करें तो फिलहाल बल्लेबाज, गेंदबाजों की तुलना में टी20 क्रिकेट की मांगों के हिसाब से ज्यादा बेहतर तरीके से ढले हैं। हालांकि, द्रविड़ को उम्मीद है कि आने वाले समय में गेंदबाज इसका सामना बेहतर तरीके से कर सकेंगे।

द्रविड़ ने इस बात पर भी जोर दिया कि सपाट पिचों पर गेंदबाजों के लिए लगातार सफल होना आसान नहीं है और उन्हें कुछ अतिरिक्त सहायता की जरूरत होगी। इसके लिए विकेट को थोड़ा चुनौतीपूर्ण बनाना होगा ताकि गेंदबाजों को भी सहायता मिले। साथ ही कहा कि कोई भी ऐसा बदलाव जो गेंदबाजों की सहायता करें वह किया जाना चाहिये। तभी गेंद और बल्ले में संतुलन आयेगा।

उन्होंने कहा कि क्रिकेट पूरी तरह से बल्लेबाजों या गेंदबाजों के पक्ष में झुका नजर नहीं आना चाहिये। उन्होंने खेल में संतुलन के महत्व पर बल दिया और कहा, हम नहीं चाहते कि संतुलन किसी एक तरफ बहुत ज्यादा झुक जाए। खेल तभी रोमांचक होगा जब दोनो के बीच संतुलन रहेगा।

# बीसीसीआई ने कमिंस पर जुर्माना लगाया

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में धीमी ओवर गति के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस पर जुर्माना लगाया है। कमिंस पर बोर्ड ने 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कमिंस पर ये जुर्माना मंगलवार को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में धीमी ओवर गति के लिए लगाया गया है। बोर्ड ने इसे आईपीएल नियमों का उल्लंघन करार दिया है। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार, यदि क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम निर्धारित समय सीमा के अंदर अपने 20 ओवर पूरे नहीं कर पाती है, तो उसे धीमी ओवर गति का दोषी माना जाता है। आईपीएल ने भी कमिंस पर जुर्माना लगाये जाने की पुष्टि की है। साथ ही कहा कि धीमी ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का इस सीजन का यह पहला अपराध था, जिसके कारण कमिंस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह इस सत्र में सनराइजर्स की पहली गलती थी। आईपीएल में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना कप्तानों पर लगाया जाता है जिससे खेल की गति बनी रहे। इस सत्र में अबतक दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के अक्षर पटेल पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के श्रेयस अय्यर और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के अजिंक्य रहाणे पर भी जुर्माना लगा है।

# जीत से उत्साहित शुभमन बोले हालातों के अनुसार बनाते हैं रणनीति

अहमदाबाद ।गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल 2026 मुकाबले में मिली जीत पर खुशी जतायी है।शुभमन ने कहा कि टीम को ये शानदार जीत गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन से मिली है। गुजरात ने जिस प्रकार से इस सत्र में उतार-चढ़ाव के बाद शीर्ष पर स्थान बनाया है उससे भी प्रशंसकों ने उसकी सराहना की है। वहीं शुभमन ने कहा कि उनकी टीम ने किसी खासा शैली को नहीं अपनाया है, उनकी टीम हालातों के अनुसार रणनीति बनाती है। इसी के साथ ही गुजरात ने लगातार पांचवां मुकाबला जीता। मैच के बाद शुभमन ने कहा, हमें अच्छी तरह पता था कि इस विकेट पर 170 का स्कोर बनाना काफी कठिन होगा और उसका बचाव करना उससे भी मुश्किल रहेगा। हमारे गेंदबाजों ने इस दौरान जबरदस्त खेल दिखाया।हमने मैच से पहले अपनी गेंदबाजी रणनीति को लेकर एक स्पष्ट योजना बनाई थी, जिसपर अमल करने में हम सफल रहे। विशेष रूप से देखा जाये तो हमारी गेंदबाजी बेहतीन रही। उन्होंने बल्लेबाजों साई सुदर्शन 61 और वाशिंगटन सुंदर 50 के अर्धशतकों की भी प्रशंसा की है। शुभमन के अनुसार इन शानदार पारियों से ही टीम 170 रन के अच्छे स्कोर तक पहुंची। साथ ही कहा, उनके बिना, 170 तक पहुंचना वाकई मुश्किल होता। अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंचने के बारे में कप्तान ने बताया कि यह लगातार अच्छे प्रदर्शन से संभव हुआ है।अपनी टीम की पहचान को लेकर उन्होंने कहा, हम उस तरह की टीम नहीं हैं जो किसी खास स्टाइल या ब्रांड का क्रिकेट खेलती हो। हम एक ऐसी टीम बनना चाहते हैं जो हालातों का आंकलन करते हुए खेले। होल्डर के योगदान को लेकर उन्होंने कहा, वह बेहद अनुभवी खिलाड़ी हैं।जिस लेंथ पर वह गेंद फेंकते हैं, वह हमारे लिए बेहतरीन साबित होती है। होल्डर ने लगभग हर मैच में चार ओवर की गेंदबाजी की है, जो इस मौसम में बिल्कुल भी आसान नहीं है, लेकिन वह टीम के लिए लगातार शानदार प्रदर्शन कर



# पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले से पहले अकेले अभ्यास करते दिखे पांड्या

**मुम्बई (एजेंसी)।** मुम्बई इंडियंस टीम का प्रदर्शन आईपीएल के इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है और टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। टीम को अब गुरुवार को बचे हुए लीग मैच में पंजाब किंग्स से खेलना है। मुम्बई की टीम इस मैच में जीत के साथ ही अपना खोया मनोबल हासिल करने का प्रयास करेगी। टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन भी इस सत्र में अच्छा नहीं रहा और वह आलोचकों के निशाने पर हैं। पांड्या फिट नहीं होने के कारण पिछले दो मैचों से बाहर थे। अब उनका लक्ष्य गुरुवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कर लय हासिल करना चाहेंगे। इसी को देखते हुए पांड्या अकेले ही नेट्स में अभ्यास करते दिखे। इससे साफ है कि वह पंजाब के खिलाफ मैदान पर उतरेंगे। इससे टीम और प्रशंसकों के बीच उम्मीदें जगी हैं। हालांकि फ्रेंचाइजी ने अभी तक उनकी उपलब्धता पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। पांड्या ने अभ्यास का एक वीडियो



भी सोशल मीडिया पर जारी कर अपने फिट होने के संकेत दिये हैं।

हार्दिक इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में नहीं उतरे थे। पीठ की समस्या के कारण उनकी अनुपस्थिति ने टीम के संतुलन और प्रदर्शन को काफी प्रभावित किया है, खासकर जब टीम इस सीजन में लगातार संघर्ष कर रही है। अब, पंजाब किंग्स के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले उनके नेट्स में बल्लेबाजी अभ्यास करते हुए देखा जाना उनके फिटनेस हासिल करने का एक सकारात्मक संकेत है। मुंबई पहले ही आईपीएल 2026 के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है, जिसके बाद टीम के भीतर और बाहर कई सवाल उठे हैं। इन हालातों के बीच, पांड्या ने टीम के भविष्य और रणनीति पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, टी20 क्रिकेट में उतार-चढ़ाव आना तय है। जब सीजन खत्म हो जाएगा, तब सही समय होगा कि क्या गलत हुआ, इसका सही आकलन किया जाए। लेकिन इस समय मेरी राय है कि सीनियर खिलाड़ियों ने अपनी पूरी कोशिश की है। पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाला यह मैच मुंबई इंडियंस के लिए अंक तालिका में केवल एक औपचारिकता है। मुंबई का लक्ष्य अब सम्मानजनक प्रदर्शन करते हुए अपने अभियान का अंत करना होगा, जिससे अगले सीजन के लिए एक मजबूत नींव रखी जा सके। दूसरी ओर, चार लगातार हार झेल चुकी सैम कुरेन की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है। पंजाब को अपनी स्थिति सुधारने और टूर्नामेंट में कुछ सकारात्मक हासिल करने के लिए जीत की सख्त जरूरत है।

## दक्षिण अफ्रीकी महिला तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल संन्यास से वापसी कर रहीं

जोहांसबर्ग।इग्लैंड में होने वाले आगामी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप महिला विश्वकप क्रिकेट से ठीक पहले दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल ने खेल में वापसी की घोषणा कर दी है।शबनम की वापसी से दक्षिण अफ्रीकी टीम का गेंदबाजी आक्रमण बेहतर हुआ है।एक रिपोर्ट के अनुसार शबनम ने दक्षिण अफ्रीका के निदेशक एनोक न्कवे और मुख्य कोच मंडला माशिम्बी के साथ बातचीत के बाद वापसी की बात कही है।कोच माशिम्बी ने कहा, सच कहूं तो, हमारी गेंदबाजी में इस्माइल जैसी बेहतरीन खिलाड़ी का होना बहुत अच्छा होगा।गौरतलब है कि शबनम इस्माइल ने साल 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।तब उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को अपने ही धरती पर टी20 विश्व कप के फाइनल तक पहुंचाया था।वहीं उनके जाने के बाद से ही टीम की गेंदबाजी कमजोर हुई है।टीम तभी से उनकी जैसी गेंदबाज को शामिल करना चाह रही थी पर सफल नहीं हो रही थी।माशिम्बी ने हाल के महीनों में माना था कि टीम के पास तेज गेंदबाजी के अच्छे विकल्प नहीं हैं।इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के दौरे के बाद उन्होंने फिर से दोहराया था कि टीम की गेंदबाजी में और ज्यादा तेजी की जरूरत है।उन्होंने इशारों-इशारों में यह भी कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि इस्माइल अपने संन्यास के फैसले पर दोबारा विचार करेंगी।उनकी यह उम्मीद अब एक वास्तविकता में बदल गई है।

# इम्पैक्ट प्लेयर नियम को हटा दिया जाना चाहिये : मांजरेकर




मुम्बई ।पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने संजय मांजरेकर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर सवाल उठाते हुए कहा है कि इसे हटा दिया जाना चाहिये।मांजरेकर के अनुसार इस नियम से खिलाड़ियों के ऑलराउंड विकास में बाधा आ रही है क्योंकि खिलाड़ी एक ही काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस नियम के तहत ज्यादातर खिलाड़ियों को बल्लेबाज के रूप में रखा जाता है। जिससे उनको केवल बल्लेबाजी का ही अनुभव होता है जबकि खेल में सभी क्षेत्रों का अनुभव होना जरुरी है।इससे पहले भी कई दिग्गजों ने स नियम पर सवाल उठाये थे।अधिक लोगों का मानना है कि यह नियम मुख्य रूप से बल्लेबाजों को ही फायदा पहुंचा रहा है और खेल में संतुलन बिगाड़ रहा है। मांजरेकर ने कहा, मैं अब यह सोचने लगा हूं कि हमें इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट नियम समाप्त कर देना चाहिए।उन्होंने कहा कि इससे किसी भी बल्लेबाज का एक ही पक्ष सामने आता है।वहीं एक क्रिकेटर केवल बल्लेबाजी नहीं क्योंकिं उसे फील्डिंग भी करनी होती है। मांजरेकर ने कहा कि खेल का असली दबाव और उसकी समझ मैदान पर फील्डिंग करने से ही आती है। उन्होंने कहा, अगर वह (वैभव) शानदार बल्लेबाज है, लेकिन फील्डिंग में कमजोर है, तो मैं देखना चाहूंगा कि विरोधी टीम उस कमजोरी का फायदा कैसे उठाती है। कैच छोड़ने का दबाव क्या होता है, यह हर खिलाड़ी को महसूस करना चाहिए।सिर्फ बल्लेबाजी करके आराम करना क्रिकेट के सबसे बड़े स्तर पर सही नहीं है। उनका मानना है कि यह नियम खिलाड़ियों को खेल के हर विभाग में अपने को परखने और सुधारने का मौका नहीं देता।

# अच्छे प्रदर्शन के बावजूद विदेशी कोच के लिये हॉकी इंडिया ने मुझे हटाया : पीआर श्रीजेश



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत के महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने विदेशी कोचों को तरजीह देने के हॉकी इंडिया के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि अच्छे प्रदर्शन के बावजूद जूनियर टीम के कोच के पद से उन्हें हटा दिया गया । सोशल मीडिया पर मंगलवार को एक पोस्ट में दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता श्रीजेश ने लिखा कि अच्छे प्रदर्शन के बावजूद उन्हें हटाया गया क्योंकि हॉकी इंडिया जूनियर स्तर पर भी विदेशी कोच चाहता है।

श्रीजेश ने 'एक्स'' पर लिखा, ''लगता है कि मेरा कोचिंग कैरियर डेढ साल के बाद ही खत्म हो गया है जिसमें हमने पांच टूर्नामेंट खेले और जूनियर विश्व कप समेत पांच बार पोडियम पर रहे।' उन्होंने कहा, 'मैंने सुना है कि खराब प्रदर्शन के बाद कोचों को हटाया जाता है लेकिन पहली बार विदेशी कोच की नियुक्ति के लिये मुझे हटाया जा रहा है।' श्रीजेश ने कहा, 'हॉकी इंडिया अध्यक्ष का कहना है कि सीनियर पुरूष टीम के मुख्य कोच जूनियर स्तर पर भी विदेशी कोच चाहते हैं क्योंकि उनका मानना है कि इससे जूनियर स्तर से सीनियर स्तर पर भारतीय हॉकी के विकास में मदद मिलेगी।'

भारत की जूनियर टीम के कोच के रूप में श्रीजेश का कार्यकाल दिसंबर 2025 में खत्म हो गया था और उन्होंने इस पद के लिए पुनः आवेदन किया था। भारतीय पुरूष हॉकी टीम के मुख्य कोच दक्षिण अफ्रीका के क्रेग फुल्टोन हैं जबकि महिला टीम के कोच नीदरलैंड के शोर्ड मारिन हैं। श्रीजेश पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने के बाद अंडर 21 पुरूष टीम के मुख्य कोच बने थे जिनके कार्यकाल में टीम ने जूनियर एशिया कप में स्वर्ण, जूनियर विश्व कप और जोहोर कप में कांस्य पदक जीता था। श्रीजेश ने आगे लिखा, 'क्या भारतीय कोच भारतीय हॉकी का विकास नहीं कर सकते।'

उन्होंने कहा कि खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भी कहा था कि देश को उनके जैसे कोचों की जरूरत है लेकिन हॉकी इंडिया का भरोसा सिर्फ विदेशी कोचों पर है। उन्होंने कहा, 'सात मार्च 2026 को माननीय खेलमंत्री श्री मनसुख मांडविया के साथ एक मुलाकात में मुझे कहा गया था कि 2036 ओलंपिक की तैयारी के लिये श्रीजेश हमें तुम्हारे जैसे कोचों की जरूरत है।' श्रीजेश ने कहा, 'लेकिन हॉकी इंडिया का भरोसा चारों टीमों के लिये भारतीय कोचों की बजाय विदेशी कोचों पर है।' उन्होंने इस पोस्ट में खेलमंत्री, पीएमओ, हॉकी इंडिया, भारतीय खेल प्राधिकरण और हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की को टैग किया है।

# टेनिस खिलाड़ी पुरस्कार राशि के मामले में अब पीछे नहीं हटेंगे : पेगुला

## खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के कुल राजस्व का बड़ा हिस्सा मिले

रोम ।टेनिस जगत में खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि बढ़ाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। अब इस अभियान का नेतृत्व कर रही अमेरिकी महिला टेनिस खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने कहा है कि खिलाड़ी अब अपनी इस मांग से पीछे नहीं हटेंगे। पेगुला ने कहा कि यह सही समय है जब खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के कुल राजस्व में एक बड़ा मिलना चाहिए। वहीं इससे पहले विश्व नंबर-1 पुरुष टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर और महिला वर्ग की नंबर-1 खिलाड़ी एरीना सबालेंका ने भी कहा था कि पुरस्कार राशि बढ़ायी जानी चाहिये। पेगुला खिलाड़ियों को इस मामले को लेकर एक मंच पर लाने का प्रयास भी कर रही हैं। ।उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों से इस मामले में सीधे बात करने और उन्हें एकसाथ लाने में उन्हें कोई परेशानी नहीं है। पेगुला ने कहा, मैं किसी भी खिलाड़ी के पास जाकर पूछ सकती हूं कि क्या वह इस मामले में हमसे सहमत है या नहीं ।साथ ही कहा कि कुछ खिलाड़ी शायद इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देते पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी पूरी तरह से समर्थन में हैं। वह पुरुष और महिला दोनों वर्गों के खिलाड़ियों से लगातार संपर्क कर रही हैं और उन्हें इस अभियान में शामिल कर रही हैं। पेगुला ने संकेत दिया कि अन्य प्रमुख पेशेवर खेलों की तुलना में टेनिस खिलाड़ियों को उनके योगदान के बदले काफी कम हिस्सा मिलता है।

## संक्षिप्त समाचार

### नीदरलैंड में सत्ताधारी पार्टी के दफ्तर पर बम हमला, आतंकवादी मंशा का आरोप

**हेग, एजेंसी।** नीदरलैंड की राजधानी हेग में सत्ताधारी पार्टी डी66 के मुख्यालय पर हुए बम हमले को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। अधिकारियों ने कहा है कि इस मामले में गिरफ्तार 37 वर्षीय आरोपी पर आतंकवादी मंशा से हमला करने का आरोप लगाया गया है। अदालत ने आरोपी को दो सप्ताह की अतिरिक्त हिरासत में भेज दिया है। यह धमाका 8 मई को उस समय हुआ जब एक व्यक्ति ने पार्टी कार्यालय के लेटर बॉक्स के जरिए बम अंदर फेंक दिया। उस समय इमारत में पार्टी की युवा शाखा के लगभग 30 सदस्य बैठक कर रहे थे। धमाके से वहां अफरा-तफरी मच गई, लेकिन किसी के घायल होने की खबर नहीं है। डच प्रधानमंत्री रोब जेट्टेन ने कहा कि इस तरह की घटनाओं से नेताओं को डराने की कोशिश बेकार है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, किसी राजनीतिक दल के कार्यालय को निशाना बनाना लोगों में भय पैदा करता है, इसलिए इसे आतंकवादी गतिविधि माना गया है। गौरतलब है कि पिछले एक साल में यह दूसरी बार है जब इस कार्यालय को निशाना बनाया गया। इससे पहले सितंबर में भी चुनावों से पहले हिंसक प्रदर्शन के दौरान दफ्तर में तोड़फोड़ की गई थी।

### अमेरिका में सामूहिक गोलीबारी का आरोपी किशोर गिरफ्तार

**आयोवा, एजेंसी।** अमेरिका के आयोवा सिटी में पिछले महीने हुई सामूहिक गोलीबारी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अमेरिकी मार्शलों ने 17 वर्षीय आरोपी डामारियन एम. जोन्स को जॉर्जिया के अटलांटा के पास गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पांच लोगों की हत्या की कोशिश समेत कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस के अनुसार, 19 अप्रैल की रात यूनिवर्सिटी ऑफ आयोवा के पास स्थित एक व्यस्त इलाके में बड़ी लड़ाई हुई थी। वहां कई दुकानें, बार और रेस्टोरेंट मौजूद हैं। इसी दौरान आरोपी ने भीड़ की ओर छह गोलियां चलाई और मौके से फरार हो गया। इस गोलीबारी में पांच लोग घायल हुए थे। एक व्यक्ति के सिर में गोली लगी, जबकि अन्य लोगों के हाथ, पैर, छाती और पेट में गोलियां लगीं। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में से एक अब भी अस्पताल में भर्ती है। आरोपी को फिलहाल जॉर्जिया की जेल में रखा गया है और जल्द ही उसे आयोवा लाया जाएगा। पुलिस ने अभी यह नहीं बताया है कि आरोपी को कैसे पकड़ा गया। मामले की जांच जारी है और पुलिस इस हमले के पीछे की पूरी साजिश पता लगाने में जुटी है।

### ट्रंप प्रशासन ने सार्वजनिक जमीन संरक्षण से जुड़ा बड़ा नियम खत्म किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने एक बड़ा फैसला लेते हुए उस नियम को खत्म कर दिया है, जिसमें सार्वजनिक जमीनों के संरक्षण को विकास कार्यों के बराबर महत्व दिया गया था। यह नियम पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में 2024 में लागू किया गया था। इस नियम के तहत सरकारी जमीनों को पर्यावरण संरक्षण और बहाली के लिए भी लीज पर दिया जा सकता था, ठीक वैसे ही जैसे तेल कंपनियों को ड्रिलिंग के लिए जमीन दी जाती है। लेकिन ट्रंप प्रशासन का कहना है कि इससे ऊर्जा उत्पादन, लकड़ी उद्योग और पशुपालन पर असर पड़ रहा था। अमेरिकी गृह मंत्री डौग बर्गम ने कहा कि यह नियम लाखों एकड़ जमीन तक उद्योगों की पहुंच रोक सकता था। रिपब्लिकन नेताओं और उद्योग समूहों ने भी इसका विरोध किया था। अमेरिका की बड़ी सरकारी जमीनें अलास्का, कैलिफोर्निया, यूटा और वायोमिंग जैसे राज्यों में फैली हैं। ट्रंप प्रशासन अब इन इलाकों में तेल, गैस, खनन और लकड़ी उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से कदम उठा रहा है।

### नेपाल :भारत की सहायता से बनने वाले स्कूल की रखी नींव

**कैलाली, एजेंसी।** नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत के कैलाली जिले में सोमवार को सिद्धनाथ माध्यमिक विद्यालय के निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। काठमांडो स्थित भारतीय दूतावास के प्रथम सचिव नारायण सिंह ने स्कूल की आधारशिला रखी। भारत सरकार इस सामुदायिक विकास परियोजना के लिए 3.6 करोड़ नेपाली रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। यह परियोजना नेपाल के विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

पाकिस्तान : खाई में गिरी वैन शादी में जा रहे 11 की मौत
स्वात, एजेंसी। उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के स्वात जिले में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। मलम जबा के पहाड़ी इलाके में शादी समारोह में जा रही एक वैन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। बचाव अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में दूल्हे की मां सहित कई महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने बचाव अभियान शुरू किया, जिसके बाद घायलों को सैदू शरीफ अस्पताल पहुंचाया गया। प्रशासन ने दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाने की जांच शुरू कर दी है।

# नूर खान एयरबेस का सीक्रेट खुला! ईरान के विमानों को छिपा रहा था पाकिस्तान, भड़का अमेरिका

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध के दौरान पाकिस्तान की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एक ताजा अमेरिकी रिपोर्ट के मुताबिक, एक तरफ जहां पाकिस्तान दोनों देशों के बीच शांति के लिए 'मध्यस्थ' होने का दिखावा कर रहा था, वहीं दूसरी तरफ उसने ईरानी सैन्य विमानों को संभावित अमेरिकी हवाई हमलों से बचाने के लिए अपने एयरबेस पर छिपने की जगह दी। इस खुलासे के बाद वाशिंगटन में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली है।

**नूर खान एयरबेस पर उतारे गए ईरानी विमान :** सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि 8 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा युद्धविराम की घोषणा करने के कुछ ही समय बाद, ईरान ने अपने कई विमानों को पाकिस्तान के 'नूर खान एयरबेस' पर शिफ्ट कर दिया था। इन विमानों में ईरानी वायुसेना का एक आरसी-130 टोही और खुफिया जानकारी जुटाने वाला विमान भी शामिल था। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच यह युद्ध 28 फरवरी को शुरू हुआ था।

**भड़का अमेरिका, सीनेटर ने की पाकिस्तान के रोल की समीक्षा की मांग**

इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद अमेरिकी सांसदों ने इस्लामाबाद की तटस्थता पर सवाल उठाए हैं। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने इस संकट में पाकिस्तान की कूटनीतिक भूमिका का फिर से आकलन करने की मांग की है।



**सीनेटर ग्राहम की दो टूक:** उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा- अगर यह रिपोर्ट सही है, तो अमेरिका, ईरान और अन्य पक्षों के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थ की भूमिका का पूरी तरह से पुनर्मूल्यांकन करना होगा। इजरायल का किया जिक्र: उन्होंने यह भी कहा कि इजरायल को लेकर पाकिस्तानी रक्षा अधिकारियों के पहले के बयानों को देखते हुए, अगर यह खबर सच साबित होती है तो उन्हें कोई हैरानी नहीं होगी।

**पाकिस्तान ने दावों को किया खारिज :** दूसरी ओर, एक वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारी ने इन आरोपों को पूरी तरह से नकार दिया है। [illegible] न्यूज से बात करते हुए पाकिस्तानी अधिकारी ने कहा कि नूर खान बेस शहर के बिल्कुल बीचों-बीच और घनी आबादी वाले इलाके में स्थित है। अधिकारी के मुताबिक, वहां विमानों के एक बड़े बेड़े को खड़ा करना और उसे आम जनता की नजरों से छिपाना नामुमकिन है।

**क्या अफगानिस्तान में भी छिपाए गए नागरिक विमान :** रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि युद्ध के दौरान ईरान ने अपने नागरिक विमानों को पड़ोसी देश अफगानिस्तान में भी भेजा था। एक अफगान नागरिक उड्डयन अधिकारी के अनुसार, युद्ध शुरू होने से ठीक पहले महान एयर का एक ईरानी विमान काबुल में उतरा था और ईरानी हवाई क्षेत्र बंद होने के बाद वहीं रुक गया। अफगान अधिकारियों के मुताबिक, बाद में जब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमले किए, तो इस विमान को ईरानी सीमा के पास हेरात में शिफ्ट कर दिया गया। हालांकि, तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने इन दावों को झूठा बताते हुए कहा, 'नहीं, यह सच नहीं है और ईरान को ऐसा करने की कोई जरूरत नहीं है।'

**शांति प्रस्ताव पर ट्रंप बोले– ईरान लाइफ सपोर्ट पर है :** यह पूरा विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब पाकिस्तान वाशिंगटन और तेहरान के बीच अपने रिश्ते संतुलित करने की कोशिश कर रहा है। सीजफायर के बावजूद अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अब भी चरम पर है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने युद्ध समाप्त करने के तेहरान के ताजा प्रस्ताव को 'उचित' बताया। लेकिन, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ओवल ऑफिस से बोलते हुए इस ईरानी प्रतिक्रिया को 'कचरा' करार देकर सिरे से खारिज कर दिया। ट्रंप ने कहा, 'उनके भेजे गए उस कचरे को पढ़ने के बाद, मैंने उसे पूरा भी नहीं पढ़ा। वे (ईरान) लाइफ सपोर्ट पर हैं। यह सीजफायर भी भारी लाइफ सपोर्ट पर है।' ईरान ने भी साफ कर दिया है कि भविष्य की किसी भी बातचीत में यूरेनियम संवर्धन और परमाणु तकनीक पर कोई समझौता नहीं होगा।

## चीन के लिए जासूसी कर रहीं थी कैलिफोर्निया शहर की मेयर, एफबीआई की जांच में चौंकाने वाले खुलासे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने सोमवार को एक बड़ी जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया, कैलिफोर्निया के अर्काडिया शहर की मेयर ईलिग वांग पर संघीय अदालत में चीन की अवैध एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगा है।

**एफबीआई के ने क्या कहा :** साल 2020 के अंत से 2022 तक ईलिग वांग और याओनिंग माइक सन ने चीनी सरकार के अधिकारियों के निर्देशों पर काम किया। इन लोगों ने अमेरिका में चीन के हितों को बढ़ावा देने के लिए कई गतिविधियों को अंजाम दिया। उन्होंने यूएस न्यूज सेंटर नाम की एक वेबसाइट के माध्यम से अमेरिका में चीन के समर्थन वाला प्रोपेगेंडा फैलाया। यह वेबसाइट खुद को स्थानीय चीनी-अमेरिकी समुदाय के लिए एक समाचार स्रोत बताती थी। असल में, वांग और उनके साथी चीनी अधिकारियों से निर्देश लेते थे और वेबसाइट पर उनके मनमुताबिक सामग्री पोस्ट करते थे।

न्याय विभाग ने एक उदाहरण देते हुए बताया कि जून 2021 में एक चीनी अधिकारी ने वांग और अन्य लोगों से संपर्क किया था। यह संपर्क वीचैट नाम के एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप के जरिए किया गया था। उस अधिकारी ने उन्हें पहले से लिखे हुए समाचार लेख भेजे थे ताकि उन्हें वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा सके।

**दस साल तक हो सकती है सजा :** रिपोर्टों के अनुसार, 58 वर्षीय वांग ने गंभीर अपराध के आरोप में दोषी ठहराए जाने पर सहमति जताई है, जिसके लिए अधिकतम 10 साल की जेल की सजा हो सकती है। न्याय विभाग के बयान के अनुसार, वांग आज दोपहर लॉस एंजिल्स की जिला अदालत में पेश होंगी। उम्मीद है कि वह आने वाले हफ्तों में आधिकारिक तौर पर अपना गुनाह कबूल कर लेंगी। वांग नवंबर 2022 में अर्काडिया सिटी काउंसिल के लिए चुनी गई थीं। इस पांच सदस्यीय परिषद में मेयर का पद बारी-बारी से मिलता है। अब उन्होंने सिटी काउंसिल और मेयर पद से इस्तीफा दे दिया है। नेशनल सिक्योरिटी के असिस्टेंट अटॉर्नी जनरल जॉन ए ईसेनबर्ग ने इस मामले को बेहद चिंताजनक बताया है। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि सार्वजनिक भरोसे वाले पद पर बैठा व्यक्ति विदेशी सरकार के निर्देशों का पालन कर रहा था। फर्स्ट असिस्टेंट यूएस अटॉर्नी बिल एसायली ने कहा कि जो लोग गुप्त रूप से विदेशी सरकारों के इशारे पर काम करते हैं, वे हमारे लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाते हैं। यह चीन की उन कोशिशों के खिलाफ हमारी जीत है, जिनके जरिए वह हमारे संस्थानों को भ्रष्ट करना चाहता है।

## स्कॉटलैंड में भारतीय ने रचा इतिहास: छात्र वीजा पर पहुंचे क्यू मणिवन्नन बने संसद सदस्य, पहचान पर छिड़ी बहस

**एडिनबर्ग, एजेंसी।** महज चार वर्ष पूर्व छात्र वीजा पर स्कॉटलैंड पहुंचे तमिलनाडु के एक भारतीय डॉक्टरेट छात्र क्यू मणिवन्नन ने स्थानीय चुनाव में अपनी जीत को ब्रिटेन की राजनीति में आप्रवासन, पहचान और प्रतिनिधित्व के व्यापक मुद्दे में बदल दिया है। वह खुद को नॉन-बाइनरी मानते हैं और सत्ता में विविधता का प्रतिनिधित्व करने का दावा करते हैं। क्यू मणिवन्नन, स्कॉटिश संसद (होलीरूड) के नए सदस्यों में से एक हैं। डॉक्टरेट छात्र मणिवन्नन को स्कॉटिश ग्रीन्स की एडिनबर्ग और लोथियंस ईस्ट क्षेत्रीय सूची से स्कॉटिश संसद के लिए चुना गया। अपने समर्थकों के बीच खड़े मणिवन्नन ने कहा, मैं एक ट्रांसजेंडर तमिल अप्रवासी हूं। इस देश में कुछ लोगों के लिए मैं वह सब कुछ हूं जिससे नफरत करने वाले घृणा करते हैं और मैं आज यहां आपके एमएसपी (स्कॉटिश संसद सदस्य) के रूप में पूरी सावधानी के साथ खड़ा हूं। उनके चुनाव की आप्रवासन विरोधी आवाजों ने उन नियमों को लेकर आलोचना की है जो स्कॉटलैंड में रहने वाले कुछ विदेशी नागरिकों को चुनाव लड़ने की अनुमति देते हैं। नियम परिवर्तन के तहत संभव हुआ उम्मीदवारी राष्ट्रमंडल नागरिक होने के नाते नियम परिवर्तन के तहत संभव हुई, जो अल्पकालिक वीजा पर रहने वाले या स्थायी निवास वालों को भी स्कॉटलैंड में चुनाव के योग्य बनाता है। आप्रवासन पर अंकुश लगाने को अभियान चलाने वाले माइग्रेशन वॉच ने कहा, राजनेताओं को ब्रिटिश चुनावों में राष्ट्रमंडल नागरिकों के स्वतः मतदान के अधिकार व गैर-ब्रिटिश नागरिकों के चुनावों में खड़े होने की क्षमता खत्म करना चाहिए। स्कॉटिश ग्रीन्स की सह-नेता, गिलियन मैके ने कहा, पार्टी नए वीजा आवेदन की प्रक्रिया में मणिवन्नन का समर्थन करेगी। ग्रीन्स पार्टी ने कहा, इस प्रक्रिया को संसद के सत्र के दौरान पूरा करना होगा। मणिवन्नन के चुनावी पर्चे में उन्हें राजनीति में पीएचडी छात्र, कला कार्यकर्ता, स्कॉटिश ग्रीन पार्टी के फलस्तीन एकजुटता समूह के सह-संयोजक, संयुक्त राष्ट्र के पूर्व स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में वर्णित किया है।

# युद्ध में यूएई भी कर रहा था ईरान पर हमला, तेल ठिकानों को बनाया निशाना: रिपोर्ट से सनसनी

**अबू धाबी, एजेंसी।** ईरान पर अमेरिकी और इजरायली हमलों के बाद शुरू हुए हालिया युद्ध के बाद पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर पहुंच गया। बीते फरवरी महीने में शुरू हुआ युद्ध अब तक खत्म नहीं हो पाया है। अमेरिका और इजरायल के बीच कुछ हफ्तों के लिए लागू हुआ सीजफायर टूटने की कगार पर है। ऐसे में खाड़ी में एक बार फिर जंग छिड़ सकती है। इस बीच एक रिपोर्ट में हुए खुलासे ने सनसनी मचा दी है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले महीने जंग के दौरान यूएई ने ईरान पर हमला किया था। वॉल स्ट्रीट जर्नल की इस रिपोर्ट में और भी कई खुलासे किए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अमीरात ने ईरान पर गुप्त तरीके से यह हमला किया था। इसमें कहा गया है कि यूएई ने ईरान के 'लवन द्वीप' स्थित एक प्रमुख तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया था।



यह हमला उस समय हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सीजफायर की घोषणा करने वाले थे। बता दें कि यह रिफाइनरी ईरान की 10वीं सबसे बड़ी रिफाइनरी है और रोजाना करीब 60,000 बैरल कच्चे तेल का उत्पादन होता है। जानकारी के मुताबिक हमला 8 अप्रैल की सुबह हुआ था। ईरानी ब्रॉडकास्टर आईआरआईबी ने एक बयान में बताया था कि लवन द्वीप के तेल ठिकानों पर कायराना हमला हुआ है। हालांकि यह नहीं कहा गया था कि हमले किसने किए थे, लेकिन ईरान ने पलटवार की धमकी दी थी। इसके कुछ ही घंटों बाद ईरान ने यूएई और कुवैत पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए थे। यूएई ने तब दावा किया था कि उस पर 17 ईरानी मिसाइलों और 35 ड्रोनों से हमला किया गया है। यह इसीलिए अहम है क्योंकि यह अब तक इस युद्ध में यूएई की सीधी एंट्री की जानकारी दुनिया को नहीं थी। ईरान ने अपने ऊपर हुए हमलों के बाद से खाड़ी देशों को लगातार निशाना बनाया है। ईरान ने यूएई, कतर, सऊदी अरब, कुवैत जैसे देशों पर ड्रोन और मिसाइलें बरसाई हैं। हालांकि इन देशों ने पलटवार नहीं किया था।

# ट्रंप कराएंगे सालाना मेडिकल चेकअप, सेना के जवानों और कर्मचारियों से भी करेंगे मुलाकात

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 26 मई को वॉल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर जाएंगे। व्हाइट हाउस ने बताया कि इस दौरे के दौरान ट्रंप अपना सालाना डेंटल और मेडिकल चेकअप करवाएंगे। इसके साथ ही वह अमेरिकी सेना के जवानों और वहां के कर्मचारियों से भी मुलाकात करेंगे। व्हाइट हाउस के अनुसार, यह दौरा राष्ट्रपति की नियमित स्वास्थ्य देखभाल का हिस्सा है। ट्रंप की सामान्य मेडिकल और डेंटल जांच की जाएगी, ताकि उनकी सेहत पर नजर रखी जा सके। बयान में कहा गया कि ट्रंप वॉल्टर रीड में तैनात सैनिकों और स्टाफ के साथ समय बिताएंगे और देश के लिए उनकी सेवा, पेशेवर कामकाज और समर्पण की सराहना करेंगे। हालांकि, अभी यह नहीं बताया गया है कि राष्ट्रपति वहां कितनी देर रहेंगे। यह भी साफ नहीं किया गया कि जांच के बाद राष्ट्रपति के डॉक्टर उनकी मेडिकल रिपोर्ट सार्वजनिक करेंगे या नहीं। व्हाइट हाउस ने कहा है कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम से जुड़ी बाकी जानकारी बाद में साझा की जाएगी। मैरीलैंड के बेथेस्डा शहर में स्थित वॉल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर अमेरिकी सेना का प्रमुख अस्पताल माना जाता है। यहां अक्सर अमेरिकी राष्ट्रपतियों और बड़े सरकारी अधिकारियों की मेडिकल जांच और इलाज होता है। यह अस्पताल युद्ध क्षेत्रों से लौटने वाले घायल सैनिकों के इलाज के लिए भी जाना जाता है। इसके अलावा यहां पूर्व सैनिकों, सक्रिय सैन्य कर्मियों और उनके परिवारों को भी चिकित्सा सेवाएं दी जाती हैं। अमेरिका में राष्ट्रपति की मेडिकल जांच हमेशा चर्चा का विषय रहती है, क्योंकि इससे लोगों को देश के सर्वोच्च नेता की सेहत और फिटनेस के बारे में जानकारी मिलती है। ट्रंप पहले भी कह चुके हैं कि वॉल्टर रीड में उनकी मेडिकल जांच उनकी नियमित स्वास्थ्य प्रक्रिया का हिस्सा है। पिछले साल इसी अस्पताल में जांच के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा था, 'मुझे लगता है कि मैं बहुत अच्छी शारीरिक स्थिति में हूं, लेकिन मैं आपको इस बारे में बाद बताऊंगा। शारीरिक रूप से, मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मानसिक रूप से भी, मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। पिछले साल जारी एक मेडिकल रिपोर्ट में बताया गया था कि ट्रंप की एडवांस इमेजिंग, लैब टेस्ट और कई स्वास्थ्य जांच की गई थीं। रिपोर्ट में कहा गया था कि उनके मेटाबॉलिक, हेमेटोलॉजिक और कार्डियक पैरामीटर्स (हृदय संबंधी मानक) स्थिर पाए गए। राष्ट्रपति के डॉक्टर कैप्टन सीन बारबाबेला की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया था कि ट्रंप की कुल स्वास्थ्य स्थिति काफी अच्छी है।

## होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित और खुला बनाए रखने पर जोर, रुबियो ने की यूके और ऑस्ट्रेलिया से बातचीत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के वरिष्ठ नेताओं से अलग-अलग बातचीत की। इन चर्चाओं में मुख्य रूप से ईरान और होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही को सुरक्षित और खुला बनाए रखने पर जोर दिया गया। अमेरिकी विदेश विभाग ने इसकी जानकारी दी है। मार्को रुबियो ने ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और ब्रिटेन की विदेश सचिव यवेट कूपर से बातचीत की। अमेरिका इस समय अपने करीबी सहयोगी देशों के साथ क्षेत्रीय सुरक्षा और समुद्री स्थिरता को लेकर लगातार चर्चा कर रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट के मुताबिक, रुबियो और पेनी वोंग ने 'स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक क्षेत्र' को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि रुबियो ने अमेरिका-ऑस्ट्रेलिया गठबंधन को क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया। दोनों नेताओं ने ईरान और होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही को सामान्य और सुरक्षित बनाए रखने की कोशिशों पर भी चर्चा की।

इसके अलावा, रुबियो ने ब्रिटेन की विदेश सचिव इवेट कूपर से भी अलग से बात की। इस बातचीत में भी ईरान और होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री मार्गों को खुला रखने का मुद्दा प्रमुख रहा। हालांकि, अमेरिकी विदेश विभाग ने यह नहीं बताया कि इन बैठकों में कौन-कौन से सैन्य या कूटनीतिक कदमों पर चर्चा हुई।

होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे



अहम समुद्री रास्तों में गिना जाता है। यह संकरा समुद्री मार्ग फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। दुनिया भर में भेजे जाने वाले तेल का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है। अगर इस समुद्री रास्ते में किसी तरह की रुकावट आती है, तो उसका असर दुनिया के तेल बाजार और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर तेजी से पड़ सकता है। भारत भी इस क्षेत्र पर करीबी नजर रखता है, क्योंकि यह अपनी जरूरत का काफी कच्चा तेल खाड़ी देशों से आयात करता है।

ऑस्ट्रेलिया इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में अमेरिका का बड़ा सहयोगी माना जाता है। वह क्वाड समूह का भी सदस्य है, जिसमें भारत, जापान और अमेरिका शामिल हैं। वहीं, ब्रिटेन ने भी पिछले कुछ वर्षों में इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में अपनी रणनीतिक मौजूदगी बढ़ाई है और वह अमेरिका का अहम सुरक्षा साझेदार बना हुआ है। इसी बीच, मार्को रुबियो ने इथियोपिया के विदेश मंत्री गेदियन तिमोथियोस से भी मुलाकात की। यह बैठक अमेरिका-इथियोपिया द्विपक्षीय वार्ता के दौरान हुई। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, रुबियो ने पूर्वी अफ्रीका में संघर्ष कम करने और विवादों के समाधान में इथियोपिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। दोनों देशों के बीच सुरक्षा साझेदारी और व्यापारिक अवसरों को बढ़ाने के मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

# मैंने नहीं की ट्रंप की हत्या की कोशिश, आरोपी का साफ इनकार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** वाइट हाउस संवाददाताओं के रात्रिभोज समारोह में हथियारों के साथ घुसने के आरोपी ने ट्रंप की हत्या के प्रयास के आरोप से इनकार किया है। साथ ही उसने यह भी मानने से मना किया है कि उसने खुफिया सेवा के एक अधिकारी पर गोली चलाई। कोल थॉमस एलन को सोमवार को एक संघीय अदालत में पेश किया गया। एलन ने संक्षिप्त सुनवाई के दौरान कुछ नहीं कहा। उसके एक वकील ने उसकी ओर से याचिका दायर की। इससे पहले एलन पर एक नए आरोप में अभियोग दर्ज किया गया। दावा किया जा रहा था कि हमलावर ने हमले के दौरान सीक्रेट सर्विस के एक अधिकारी पर शॉटगन से गोली चलाई थी और इसी दावे के आधार पर यह नया अभियोग लगाया गया है।

**क्या हुआ था उस रात :** बता दें कि हिल्टन होटल में 25 अप्रैल को हुए हमले में सीक्रेट सर्विस के बुलेटप्रूफ जैकेट पहने एक अधिकारी को गोली लगी। इस हमले के कारण संवाददाताओं के रात्रिभोज का कार्यक्रम बाधित हुआ और आखिरकार उसे समय से पूर्व समाप्त करना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि एलन बंदूकों और चाकुओं से लैस था। वह एक सुरक्षा चौकी से भागा और उसने एक अधिकारी पर अपनी बंदूक तान दी थी। न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 31 वर्षीय एलन पर कई आरोप हैं। इनमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या का प्रयास करना, कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर हमला करना, राज्य सीमाओं के पार अपराध करने के इरादे से हथियार ले जाना और हिंसक अपराध के दौरान हथियार चलाना शामिल हैं। एलन पर आरोप साबित होते हैं तो उसे अधिकतम आजीवन कारावास की सजा हो सकती है।

**अधिकारियों ने जारी किया था वीडियो**



बता दें कि बाद में संघीय अभियोजकों ने उस घटना का वीडियो जारी किया था। इसमें एक व्यक्ति बंदूक और चाकू के साथ 'व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स एसोसिएशन' के डिनर में घुसने और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या का प्रयास करने की कोशिश करता नजर आ रहा है। वीडियो में कथित रूप से एलन को मेटल डिटेक्टर (मैग्नेटोमीटर) से गुजरते हुए और एक अधिकारी की ओर हथियार तानते हुए दिखाया गया है, जिसके बाद अधिकारी ने पांच गोलियां चलाईं। वीडियो में यह स्पष्ट नहीं है कि एलन ने कब गोली चलाई।

**कौन है एलन :** कैलिफोर्निया के टॉरेंस का निवासी एलन एक टेस्ट प्रेप कंपनी में अंशकालिक ट्यूटर के रूप में काम करता था। इसके अलावा वीडियो गेम तैयार करना उसका शौक है। अभियोजकों के अनुसार, एलन (31 वर्ष) ने हमले से कुछ मिनट पहले अपने होटल के कमरे में तस्वीर ली थी और उसके पास हथियार, गोला-बारूद बैग, शोल्डर गन होल्स्टर और चाकू मौजूद था। अधिकारियों के अनुसार, संदेशों में उसने खुद को 'फ्रेंडली फेडरल एसेसिन' बताया और ट्रंप प्रशासन की नीतियों को लेकर नाराजगी का संकेत दिया। एलन को घटना के दौरान चोट लगी लेकिन उसे गोली नहीं लगी।

संक्षिप्त समाचार

## यमुना बाढ़ क्षेत्र में पूजा-पाठ और व्यापार पर पाबंदी, पार्किंग तक पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील यमुना नदी



के बाढ़ क्षेत्र में किसी भी प्रकार की धार्मिक या व्यावसायिक गतिविधि पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के हित और क्षेत्र की पारिस्थितिक संवेदनशीलता को देखते हुए बाढ़ क्षेत्र में किसी भी प्रकार की व्यावसायिक/धार्मिक गतिविधियों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाएगा।कोर्ट ने दिल्ली विकास प्राधिकरण ( डीडीए ) को यमुना सुर घाट पर ऐसी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाकर आदेश के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने निर्देश दिया कि डीडीए यह सुनिश्चित करे कि उक्त भूमि पर पार्किंग या किसी भी प्रकार की गतिविधि की अनुमति न दी जाए, फिर चाहे किसी शुभ अवसर पर नदी को श्रद्धांजलि अर्पित करने आने वाले लोगों की सुविधा के लिए ही क्यों न हो। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा यमुना अदालत ने उक्त आदेश सुर घाट पर स्थित पार्किंग स्थल के रखरखाव के लिए 2022 में जारी किए गए टेंडर को बहाल करने की मांग वाली सुरेश कुमार की याचिका पर पारित किया। डीडीए और एमसीडी के बीच हुए एक समझौता ज्ञापन के तहत यह टेंडर जारी किया गया था। रखरखाव कार्य के लिए सुरेश कुमार ने सबसे ऊंची बोली लगाई थी।

## केजरीवाल ने पीएम की सलाह पर उठाए गंभीर सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ''आप'' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पीएम ने देश के सभी नागरिकों को खाने-पीने, घूमने- फिरने और विदेश यात्राओं में कटौती करने की सलाह दी है। साथ ही, सोना और अन्य कीमती चीजें खरीदने में भी कटौती करने को कहा है। उन्होंने पूछा है कि क्या यह देश में आर्थिक इमरजेंसी की आहट है? क्या देश भारी आर्थिक संकट में फंस गया है? ऐसा तो देश में पहले कभी नहीं हुआ। प्रधानमंत्री को देश के सामने सच्चाई रखनी चाहिए। आखिर देश की असली आर्थिक हालत क्या है? उधर, केजरीवाल ने नीट परीक्षा का पेपर लीक होने पर भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक संरक्षण में चल रहे पेपर लीक गिरोह इन युवाओं का भरोसा और हौसला तोड़ रहे हैं। पेपर लीक में शामिल माफिया और उन्हें संरक्षण देने वाले नेता देश के दुश्मन हैं। ये लोग देश की नींव को खोखला कर रहे हैं।

## दक्षिण दिल्ली में ट्यूशन के लिए निकला 10वीं का छात्र संदिग्ध परिस्थिति में लापता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तिगड़ा थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले ट्यूशन के लिए घर से निकाला 10वीं का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। देवली के महावीर अपार्टमेंट निवासी पिता दिलीप तिवारी की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस किशोर की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज की जांच में सामने आया है कि देवली के महावीर अपार्टमेंट से निकले छात्र अंश तिवारी ने एमबी रोड पर आकर बस पकड़ी। लाडो सराय से एक स्टाप पहले वह बस से उतर गया। उसके आगे जाने के लिए बस या आटो में सवार होते नहीं दिखा। डीटीसी को पत्र लिखकर उस समयावधि में उस रूट से गुजरने वाली बसों के भीतर की सीसीटीवी फुटेज देने का अनुरोध किया गया है, किशोर किस ओर और कहां के लिए निकला, उसका पता लगाया जा सके। स्वजन के मुताबिक अंश अंबेडकर नगर स्थित राजकीय सह–शिक्षा उच्च माध्यमिक स्कूल का छात्र है। शनिवार को दोपहर तीन बजे वह ट्यूशन के लिए घर से निकला था। वह न तो ट्यूशन पहुंचा और न ही वापस आया।

# घर में सबसे प्रदूषित होती है रसोई की हवा, डीटीयू, आईआईटी दिल्ली के शोध में चौंकाने वाला खुलासा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में यह आम धारणा है कि रसोई घर का सबसे साफ हिस्सा होता है। यहां स्वच्छता का अधिक ख्याल रखा जाता है। लेकिन अगर आपको पता चले कि यही रसोई पूरे घर में सबसे ज्यादा प्रदूषित होती है तो आप क्या कहेंगे। जी हां, इस बात का खुलासा दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी और आईआईटी दिल्ली के एक ताजा अध्ययन में हुआ है। इस शोध में पाया गया है कि आपके किचन की हवा घर के बाहर जितनी प्रदूषित हो सकती है या कई बार उससे ज्यादा भी। इस शोध को लीड किया डीटीयू के एडवांस्ड एयर एंड अकाउस्टिक रिसर्च लेबोरेट्री के डॉ. राजीव कुमार मिश्रा और रिसर्च स्कॉलर मोनिका शर्मा ने। इनका साथ दिया आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर मुकेश खरे ने।

### शोध में सभी आय वर्ग के घरों का किया गया अध्ययन

अपने शोध के दौरान इन लोगों ने जीटीबी नगर के घरों के बेडरूम और किचन की एयर क्वालिटी पर शोध किया। इसके तहत इन्होंने चार इनकम ग्रुप वाले लोगों के घरों को चुना, जिसमें शहरी गरीब, कम आय वाले, मध्यम वर्ग और हाई इनकम वाले लोगों के घर पर गर्मी, सर्दी और मॉनसून सभी मौसम में शोध किया गया। इस शोध में चौंकाने वाला आंकड़ा सामने आया। शोधकर्ताओं ने पाया कि घर चाहे किसी भी आय वर्ग का हो उसमें सबसे प्रदूषित रसोई ही मिली। यहां औसत पीएम 2.5 60 से 100 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर मिला। वहीं पीएम 10 115-145 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर मिला। यह दोनों ही सीमाएं सुरक्षित मानक से कहीं ज्यादा हैं। सर्दियों में पीएम10 250 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर किचन में और बेडरूम में 200 तक पहुंच गया। जिन किचन में वेंटिलेशन की अच्छी व्यवस्था नहीं थी वहां पीएम10 247 और पीएम 2.5 200 और पीएम1 153 तक पहुंच गया। शोध के अनुसार पीएम1 पीएम10 को बढ़ाने में 40-85 प्रतिशत तक योगदान देता है।

### क्या बोले डॉ. राजीव कुमार मिश्रा?

यह शोध पार्टिकुलेट साइंस एंड टेक्नोलॉजी नामक जर्नल में प्रकाशित हो चुका है। इसमें पाया गया है कि इनडोर पॉल्यूशन घर में होने वाले काम से जुड़ा हुआ है। खराब वेंटिलेशन, अटैच्ड किचन, खाना पकाने में लगने वाला लंबा समय और एग्जॉस्ट सिस्टम का ठीक न होना घर का प्रदूषण बढ़ाता है। यहां तक कि मॉडर्न सुविधाओं वाले घरों में भी सर्दी के मौसम में इनडोर पॉल्यूशन, डस्टिंग, वेंटिलेशन की उचित व्यवस्था आदि न होने से ज्यादा ही रहता है।

लोगों का जीना हुआ मुहाल

# न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में सीवर ओवरफ्लो से बदबू और गंदगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कालोनी में सीवर ओवरफ्लो के चलते फिर से हालात बदतर बने हुए हैं। इलाके के सी ब्लाक में सोमवार को सीवर ओवरफ्लो होने से सड़कों पर गंदा पानी भर गया। इसके चलते स्कूली बच्चों, स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को सीवर के पानी से होकर गुजरना पड़ा।



इसे लेकर आरडब्ल्यूए ने जन प्रतिनिधियों और संबंधित विभागों से शिकायत भी की है। साथ ही लंबे समय से चल रही इस परेशानी का स्थायी समाधान करने की मांग भी उठाई है।

दरअसल, इलाके में लंबे समय से सीवर ओवरफ्लो की परेशानी बनी हुई है। लगातार शिकायतों के बावजूद कोई समाधान नहीं होने पर आए दिन लोगों के घरों के आगे सीवर का पानी जमा रहता है। आरडब्ल्यूए की ओर से समस्या को लेकर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) सहित दिल्ली की मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल, सांसद, विधायक व पार्षद से लगातार शिकायतें की जा चुकी हैं। पिछले दिनों पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा को भी इस संबंध में पत्र लिखा गया है। फौरी राहत के लिए आरडब्ल्यूए ने सबमर्सिबल पंप भी लगाया है, लेकिन सीवर पूरी तरह जाम होने से राहत नहीं मिल पा रही है। महारानी बाग ट्रंक लाइन, जो सीवेज को किलोकरी स्थित एसटीपी तक ले जाती है पूरी तरह जाम है। इलाके में करीब पांच दशक पहले बिछाई गई सीवरेज लाइन कई जगहों से क्षतिग्रस्त है। इसके चलते ए, बी, सी और डी ब्लाक में आए दिन सीवर ओवरफ्लो रहता है। आरडब्ल्यूए ने जर्जर पाइपलाइनों को बदलने या तत्काल मरम्मत करने की मांग रखी है। आरडब्ल्यूए का कहना है कि जल बोर्ड ने पिछले दिनों आश्वासन दिया था कि महारानी बाग में सुपर सकर मशीन से ब्लाकेज हटाने का काम किया जाएगा। इसपर भी अभी तक कुछ नहीं हुआ है। महारानी बाग स्थित मुख्य सीवर लाइन में ब्लॉकेज की वजह से न्यू फ्रेंड्स कालोनी में सीवर ओवरफ्लो की परेशानी है। जल बोर्ड ने साइट सर्वे में पाया है कि सीवर नेटवर्क काफी पुराना होने से परेशानी है। घरों के आगे आए दिन सीवर का पानी बहता है और हम लोग बदबू-गंदगी के बीच रहने को मजबूर हैं। रोजाना शिकायतें की जा रही है।

# 100 करोड़ के घूसकांड में दिल्ली पुलिस का इंस्पेक्टर गिरफ्तार, सीबीआई रेड में बड़ा खुलासा; अब नपेंगे कई आईपीएस अफसर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 करोड़ के कथित रिश्वत प्रकरण में दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर सुभाष यादव को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें मंगलवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड लिया जाएगा ताकि मामले की गहराई से जांच की जा सके। दिल्ली में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (सीबीआई ) ने द्वारका जिले में तैनात नारकोटिक्स इंस्पेक्टर सुभाष यादव को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी उस समय हुई जब जांच एजेंसी को उनके खिलाफ गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के पुख्ता सबूत मिले। सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान 100 करोड़ से अधिक के संदिग्ध लेन-देन का का पता चला है। इसके साथ ही कई बेनामी संपत्तियों और प्रॉपर्टी से जुड़े लिंक भी सामने आए हैं, जिसने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है।




**सबूत जुटाने के बाद सीबीआई ने कार्रवाई की :** सीबीआई की टीम लंबे समय से इस केस पर निगरानी रखी हुई थी और पर्याप्त सबूत जुटाने के बाद ही यह बड़ी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई ने पुलिस महकमे में हलचल मचा दी है। आने वाले दिनों में इस केस से जुड़े कुछ आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# बिगड़ने वाला है दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी यूपी का मौसम, आंधी-बारिश और बिजली चमकने का अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग ने अगले दो घंटों के दौरान धूल भरी आंधी, गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है। कई इलाकों में बिजली चमकने और 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली के जाफरपुर, नजफगढ़, द्वारका, पालम, आईजीआई एयरपोर्ट, वसंत विहार, आरके पुरम, वसंत कुंज, हौज खास, मालवीय नगर, महरौली, तुगलकाबाद, छतरपुर, आईजीएनओयू, अयानगर और डेरामंडी क्षेत्रों में धूल भरी आंधी के बाद हल्की बारिश या बूंदाबांदी के आसार हैं। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

वहीं एनसीआर के गुरुग्राम, फरीदाबाद, मानेसर और बल्लभगढ़ में भी मौसम खराब रहने की संभावना है। इसके अलावा हरियाणा के सोहना, पलवल, नूंह और औरंगाबाद में भी मौसम करवट लेगा।



जबकि पश्चिमी यूपी के सहारनपुर, गंगोह, देवबंद, नजीबाबाद, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, हस्तिनापुर, चांदपुर, किठौर, अमरोहा, मुरादाबाद, गढ़मुक्तेश्वर, रामपुर, स्याना, संभल, बिलारी, चंदौसी, बहजोई और बरेली में तेज आंधी के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों पर जाने से बचने, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने तथा सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

# ब्रिटेन में सियासी भूचाल ! सरकार से पहली मंत्री ने दिया इस्तीफा, पीएमस्टार्मर पर कुर्सी छोड़ने का दबाव बढ़ा

### चुनौती की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है और देश सरकार से काम जारी रखने की उम्मीद करता है

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की राजनीति में बड़ा संकट खड़ा होता दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर पर इस्तीफे का दबाव लगातार बढ़ रहा है, लेकिन उन्होंने साफ कर दिया है कि वह पद नहीं छोड़ेंगे और सरकार चलाते रहेंगे। डाउनिंग स्ट्रीट की ओर से जारी बयान में स्टारमर ने कैबिनेट बैठक के दौरान कहा कि पार्टी के भीतर नेतृत्व चुनौती की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है और देश सरकार से काम जारी रखने की उम्मीद करता है। उन्होंने कहा, 'पिछले 48 घंटे सरकार के लिए अस्थिर रहे हैं और इसका आर्थिक असर देश तथा परिवारों पर पड़ रहा है। लेकिन लेबर पार्टी में नेता को चुनौती देने की एक प्रक्रिया होती है और वह शुरू नहीं हुई है।' ब्रिटिश अखबार रिपोर्ट के मुताबिक कैबिनेट के छह वरिष्ठ मंत्री चाहते हैं कि स्टारमर पद छोड़ दें। रिपोर्ट में जिन मंत्रियों का नाम सामने आया उनमें शामिल हैं:





बताया जा रहा है कि इन नेताओं ने स्टारमर से नेतृत्व परिवर्तन पर विचार करने को कहा है।

**सरकार से पहला इस्तीफा:** इसी बीच सरकार को बड़ा झटका तब लगा जब हाउसिंग, कम्युनिटीज और लोकल गवर्नमेंट मंत्री मियाटा फानबुले ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर जारी बयान में कहा कि सरकार ने बदलाव की रफ्तार, विजन और साहस नहीं दिखाया जिसकी जनता को उम्मीद थी। फाहनबुलेह ने स्टारमर से 'देश और पार्टी के हित में व्यवस्थित नेतृत्व परिवर्तन की समयसीमा तय करने' की अपील की। उन्होंने लिखा, 'जनता अब विश्वास नहीं करती कि आप वह बदलाव ला सकते हैं जिसकी हमने उनसे वादा किया था।'

**डाउनिंग स्ट्रीट में बढ़ी हलचल:** मंगलवार सुबह डाउनिंग स्ट्रीट में लगातार मंत्रियों की आवाजाही देखी गई।

● परिवार के ही एक आदमी ने दी जानकारी

# डच नाजी कमांडर के परिवार के पास मिली चोरी की बेशकीमती पेंटिंग, आर्ट जासूस का बड़ा खुलासा

**रोम, एजेंसी।** डच आर्ट जासूस आर्थर ब्रांड ने सोमवार को 'पोर्ट्रेट ऑफ ए यंग गर्ल' पेंटिंग को लेकर कई नए खुलासे किए। उन्होंने बताया कि, नाजियों द्वारा दुनिया के मशहूर गौडस्टिकर कलेक्शन से लूटी गई एक कलाकृति उन्होंने खोज ली है। यह पेंटिंग नीदरलैंड्स में एक बदनाम एसएस सहयोगी के परिवार के पास मिली है।

ब्रांड ने बताया कि डच कलाकार टून केल्डर की बनाई पेंटिंग 'पोर्ट्रेट ऑफ ए यंग गर्ल' (एक युवा लड़की का चित्र), शायद दशकों से हेंड्रिक सेफार्ड्ट के वंशजों के घर में टंगी हुई थी। ब्रांड ने इसे अपने पूरे करियर का सबसे अजीब मामलाय बताया।

इस मामले की तुलना 2025 में सामने आई एक खोज से की जा रही है, जिसने दुनिया भर में सुर्खियां बटोरी थीं। उस समय, 18वीं सदी की नाजियों द्वारा लूटी गई एक पेंटिंग, जो यहूदी आर्ट डीलर जैक्स गौडस्टिकर के कलेक्शन से ही थी। अर्जेंटीना में एक प्रॉपर्टी के विज्ञापन में दिखाई दी थी। नीदरलैंड्स के इस मामले में, ब्रांड ने बताया कि एक व्यक्ति ने उनसे संपर्क किया, जिसने हाल ही में दो चौंकाने वाले राज खोजे थे। वह सेफार्ड्ट का वंशज था, और उसके परिवार ने सालों तक उस लूटी हुई कलाकृति को अपने घर में सजाकर रखा था। परिवार के इस सदस्य ने, जो अपना नाम गुप्त रखना चाहता था, ब्रांड को बताया कि उसने यह पेंटिंग सेफार्ड्ट की पोती के घर के गलियारे में टंगी हुई देखी थी। सेफार्ड्ट की हत्या 1943 में डच प्रतिरोध सेनानियों ने कर दी थी।

सेफार्ड्ट, जो नाज़ियों के साथ सहयोग करने वाले सबसे ऊंचे ओहदे वाले डच लोगों में से एक था। वह पूर्वी मोर्चे पर डच स्वयंसेवकों की एक टुकड़ी का नेतृत्व करता था। 1943 में उसकी मौत की खबर अपने पहले पन्ने पर छापी थी, और द हेग में उसके लिए एक भव्य नाजी राजकीय अंतिम संस्कार आयोजित किया गया था, जिसमें एडॉल्फ हिटलर द्वारा भेजा गया फूलों का हार भी शामिल था।

ब्रांड ने बताया कि सेफार्ड्ट की पोती ने परिवार के उस सदस्य से कहा था कि, यह पेंटिंग यहूदियों से लूटी गई कलाकृति है, जिसे गौडस्टिकर से चुराया गया था।

# पश्चिम एशिया संकट: दोहरा गेम खेल रहा पाकिस्तान? ईरान युद्ध में पाक की मध्यस्थता पर अमेरिका को भी शक

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया के संघर्ष में पाकिस्तान खुद को एक मध्यस्थ के रूप में पेश कर रहा है, लेकिन उसकी इस भूमिका पर अब अमेरिकी प्रशासन को गहरा शक होने लगा है। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि पाकिस्तान दोहरी चाल चल रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के उस शांति प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसे पाकिस्तान ने उन तक पहुंचाया था। अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत के दौर की मेजबानी भी पाकिस्तान ने ही की थी। अमेरिका को पाक की मध्यस्थता पर शक रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप के करीबी लोग ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता को लेकर चिंतित हैं। अमेरिकी प्रशासन को लगता है कि पाकिस्तान शांति प्रक्रिया को लेकर ट्रंप की नाराजगी को ईरान तक सही ढंग से नहीं पहुंचा रहा है। अधिकारियों का यह भी मानना है कि पाकिस्तान ईरान के पक्ष को हकीकत से ज्यादा सकारात्मक बनाकर अमेरिका के सामने पेश कर रहा है। इस बीच, अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट ने पाकिस्तान के इस डबल गेम का एक और सबूत दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने चुपके से ईरानी सैन्य विमानों को अपने हवाई अड्डों पर रुकने की इजाजत दी। ऐसा शायद इन विमानों को अमेरिकी हवाई हमलों से बचाने के लिए किया गया था। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि अप्रैल की शुरुआत में जब ट्रंप ने ईरान के साथ युद्धविराम की घोषणा की थी, उसके कुछ ही दिनों बाद ईरान ने पाकिस्तान के 'नूर खान एयर बेस' पर कई विमान भेजे थे।




# ट्रंप का सब्र टूट रहा: ईरान के प्रस्ताव न मानने से अमेरिका नाराज

### फिर हमले का आदेश दे सकते हैं राष्ट्रपति

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव को लेकर डोनाल्ड ट्रंप अब ईरान के रवैये से खुलकर नाराज नजर आ रहे हैं। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान की ओर से आए प्रस्ताव और लगातार ठप पड़ी बातचीत से ट्रंप प्रशासन में भारी निराशा है। यही वजह है कि अब वॉशिंगटन एक बार फिर ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू करने के विकल्प पर गंभीरता से विचार कर रहा है।

कहां अटक रही है बातचीत?

सीएनएन ने मामले से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि परमाणु मुद्दे पर बातचीत में लगातार गतिरोध और तेहरान का रवैया ट्रंप प्रशासन की नाराजगी की सबसे बड़ी वजह बन गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप इस बात से भी बेहद परेशान हैं कि ईरान रणनीतिक रूप से अहम होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण बनाए हुए है। इसके अलावा उन्हें यह भी लगता है कि ईरानी नेतृत्व के भीतर मौजूद अंदरूनी मतभेद किसी भी सार्थक कूटनीतिक प्रगति में बाधा बन रहे हैं।



सूत्रों के अनुसार, ईरान की हालिया प्रतिक्रिया के बाद अमेरिकी प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारियों के बीच यह सवाल उठने लगा है कि क्या तेहरान वास्तव में गंभीरता से बातचीत करना चाहता भी है या नहीं। सीएनएन की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ट्रंप प्रशासन के भीतर आगे की रणनीति को लेकर मतभेद उभर आए हैं। प्रशासन के कुछ अधिकारी, खासकर पेंटागन से जुड़े लोग, अब ईरान पर ज्यादा आक्रामक दबाव बनाने के पक्ष में हैं। उनका मानना है कि सीमित और लक्षित सैन्य हमलों के जरिए तेहरान की स्थिति को और कमजोर किया जा सकता है। वहीं, प्रशासन के भीतर एक दूसरा धड़ा अब भी यह मानता है कि कूटनीतिक प्रयासों को थोड़ा और समय दिया जाना चाहिए। एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि वॉशिंगटन और तेहरान बातचीत को लेकर अलग-अलग समयसीमा और सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अधिकारी के मुताबिक, ईरान दशकों से आर्थिक प्रतिबंधों और दबावों का सामना करता आया है, इसलिए हो सकता है कि उसे उतनी जल्दबाजी महसूस न हो जितनी ट्रंप प्रशासन उम्मीद कर रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com